
# भारतीय गोवंश

# BHARTIYA GOVANSHA

Govats Radhe Shyam Ravoria



www.gokranti.com

## CONTENTS


| Sr. No. | CATTLE BREEDS | Page No. |
|---|---|---|
| 1 | Amritmahal | 1 |
| 2 | Bachaur | 2 |
| 3 | Bargur | 3 |
| 4 | Dangi | 4 |
| 5 | Deoni | 5 |
| 6 | Gaolao | 6 |
| 7 | Gangatiri | 7 |
| 8 | Gir | 8 |
| 9 | Hallikar | 9 |
| 10 | Haryana | 10 |
| 11 | Kangayam | 11 |
| 12 | Kankrej | 12 |
| 13 | Kenkatha | 13 |
| 14 | Kherigarh | 14 |
| 15 | Khillari | 15 |
| 16 | Krishnavalley | 16 |
| 17 | Lal Kandhari | 17 |
| 18 | Malvi | 18 |
| 19 | Malenadu Gidda | 19 |
| 20 | Mewati | 20 |
| 21 | Nagori | 21 |
| 22 | Nimari | 22 |
| 23 | Ongole | 23 |
| 24 | Ponwar | 24 |
| 25 | Punganur | 25 |
| 26 | Rathi | 26 |
| 27 | Red Sindhi | 27 |
| 28 | Sahiwal | 28 |
| 29 | Siri | 29 |
| 30 | Tharparker | 30 |
| 31 | Umblacherry | 31 |
| 32 | Vechur | 32 |

# AMRIT MAHAL



## AMRIT MAHAL

## अमृतमहल

The Amritmahal breed is found in Hassan, Chikmagalur and Chitradurga districts of Karnataka state in southern India. It is a famous draught breed known for its power and endurance. Animals are fiery and active. Bullocks are especially-suited for trotting and quick transportion. Cows are poor milkers. Between 1572 and 1636 AD the rulers of Mysore reared these cattle to supply milk and milk products to the palace, and to produce bullocks for movement of army equipments. These cattle consisted of three distinct strains: Hallikar, Hagalvadi and Chitaldoorg.

Amritmahals are grey cattle but their shade varies from almost white to nearly black. In some animals white grey markings are present on face and dewlap. Muzzle, face and tail switch are usually black but in older animals the colour looks lighter. Cows are white, bullocks slightly white and bulls' dark, rusty white and even interlace to some extent. Typical characteristics of this breed are head shape and horns. Head Amritmahal calf is long and tapering towards muzzle. Forehead is narrow, bulging out with a furrow in the middle. Horns are long and emerge from the top of the poll fairly close together in backward and upward direction, turn in and end in sharp black points. Sometimes the long, sharp points touch each other and appear like torch light. Eyes are bright. Ears are small, horizontal and taper to a point. Hump is well developed and is carried slightly forward. Dewlap is tine and does not extend very far. Sheath and navel flap are very small and close to the body. Legs are medium in length and well proportioned. Hooves are hard, close together and small. Skin is thin, smooth, tight and jet black with short glossy hair. Udder is small, and compact with hard and small teats. An adult male weighs around 500 kg and female around 318 kg. Age at first calving is 1,337.6±115.52 days and milk yield is 572±24 kg. Calving interval is 577.6±24.32 days and lactation length 299±10 days.

अमृतमहल कर्नाटक राज्य के हासन, चिकमंगलूर एवं चित्रदुर्ग जिलों में पायी जाने वाली नस्ल है। यह नस्ल अत्यधिक ऊर्जावान एवं कार्यकुशल होती है। इसके बैल खेती एवं यातायात परिवहन के लिये अत्यधिक उपयोगी होती है। परन्तु इन गायों की दुग्ध उत्पादन क्षमता अपेक्षाकृत कम होती है। इसका रंग सफेद से काले रंग तक विभिन्नता लिये होता है। चेहरा, नाक एवं पूँछ सामान्यतया काले रंग के होते है लेकिन बूढ़े एवं अधिक आयु वाले गौवंश में यह रंग हल्का हो जाता है। इस नस्ल में गाय का रंग श्वेत, बैल का रंग हल्का सफेद जबकि साँड का रंग गहरा या हल्का भूरापन लिये हुये एवं मिश्रित होता है। इस नस्ल की विशिष्टता इसके सिर व सींग में है जो नुकीले, लम्बे व आगे की ओर हल्के झुके हुये होते हैं। सींगों का नुकीलापन भी सिरों पर तीक्ष्ण होता है। कभी-कभी ये सिरे पर एक दूसरे को स्पर्श करते हुए रहते है। आँखें चमकदार, कान छोटे, धरती के समानान्तर एवं आगे की ओर सिरेदार होते हैं। कूबड़ पूर्ण विकसित एवं थोड़ा सा आगे की ओर प्रक्षेपित होती है। पैर की लम्बाई मध्यम शरीर के अनुपाती होती है। इसकी त्वचा पतली, चिकनी, गहरे काले रंग की एवं छोटे छोटे रोंयेदार होती है। इसका बाँक छोटा परन्तु थन सख्त होते हैं। इसके गले की झालर छोटी व कम लम्बी होती है। खुर भी छोटे व कठोर होते है। बैल का वजन लगभग ५०० किलोग्राम तक होता है। जबकि गाय का वजन ३०० किग्रा होता है। प्रथम ब्यांत का समय ३५० दिन है। इस नस्ल की गायों से दुग्ध उत्पादन ५००-६०० किग्रा प्रति दुग्ध अन्तराल होता है।



# BACHAUR




BACHAUR

बाच्छौर

This breed was found in Sitamari and some parts of Madhubani, Darbhanga, Samastipur and Muzaffarpur districts of Bihar but a recent survey has revealed that the original breeding tract has shrunken and the Bachaur cattle are now concentrated in the areas adjoining Nepal border comprising Bachaur and Koilpur subdivisions of Sitamarhi district. It is known for its draught qualities and ability to thrive on poor fodder resources. This breed has very close similarity to the Hariana breed. The cattle are of gray colour, compact with straight back, well rounded barrel and short neck. Face is short, forehead broad and flat or slightly convex. Poll is almost absent, prominent eyes and medium sized horns. Legs are short and thin, medium sized dewlap, short and thick tail and small udder. Tail switch is either black or white. Cows are poor milker and produce around 540 kg of milk (range 495 to 605 kg) in a lactation of around 254 days. Bullocks can work about 8 hours without any break.

बाच्छौर यह गौ नस्ल विषेश रूप से बिहार राज्य के सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, एवं मुजफ्फरपुर जिलों में पायी जाती है। लेकिन हाल ही में किये गये एक सर्वेक्षण के अनुसार शुद्ध बाच्छौर नस्ल अब सीमित होती जा रही है और केवल नेपाल की सीमा से सटे सीतामढ़ी जिले के बाच्छौर एवं कोलीपुर भाग में ही रह गयी है। यह नस्ल शुष्क क्षेत्र में अपनी कार्यशीलता के लिये तथा अपौष्टिक खाद्य के द्वारा निर्वहन के लिय जानी जाती है। यह हरियाणा नस्ल की गायों से बहुत अधिक समानता रखती है। पशु हल्के भूरे रंग के होते हैं। गर्दन छोटी, माथा चपटा, बड़ा एवं हल्का सा उन्नत होता है। आँखें खूबसूरत और सींग मध्यम लम्बाई के होते हैं। पैर पतले व कम लम्बाई के होते हैं। गले की झालर पतली मध्यम आकार की होती है जबकि पूंछ छोटी व मोटी एवं सिरों का रंग काला या सफेद होता है। बाँक का आकार छोटा होता है। इस नस्ल की गायों की दुग्ध उत्पादन





# B A R G U R



## BARGUR

## बारगुर

Bargur is a draught breed found around Bargur hills in Bhavani taluk of Erode district of Tamil Nadu, and are bred extensively by Lingaiys and Lambadis of that area. This area was earlier a part of Cairn bat are district. Animals are of Mysore-type, but smaller and more compact. They are very restive and fiery in disposition, and are difficult to train. They are light in built and are developed mainly for carrying out agricultural operations in the uneven and hilly terrain. Cattle of this breed are unsurpassed in speed and endurance in trotting.

Bargur cattle are of brown colour with white markings. Some white or dark brown animals are also seen. Calves are generally brown in colour. Colour does not change with age as in Kangayam and Umblachery breeds. Animals are well built, compact and medium in size. Head is brownish, well shaped, long and tapering towards the muzzle. Forehead is slightly prominent and has a deep furrow between the roots of horns. Muzzle is moderate and black in colour. Eyes are prominent and bright. Ears are moderately long and erect. Horns are of light brown colour, moderate length, closer at the roots, inclining backward, outward and upward with a forward curve and sharp at the tip. Neck is fairly long and thin. Hump is moderately developed in females and well developed in males. Dewlap is thin and short extending up to sternum only. Navel flap is present in many animals. Sheath is tucked up. These cattle have thin and bony limbs. Thighs are well developed. Hindquarters are well developed and slightly dropping. Cows have small udders applied close to the body. Teats are small and well set apart. Cows are poor milker, and produce 250 to 1, 300 kg of milk in a lactation period of 270 to 310 days.

यह नस्ल मुख्य रूप से तमिलनाडु के इरोड जिले के भवानी तालुक में बारगुर की पहाड़ियों वाले क्षेत्र में मिलती है। यह मुख्य रूप से पहाड़ी क्षेत्र में, जहां अन्य नस्लें अनुपयोगी हो जाती हैं, काम आती है। इस वंश के नरों में गतिशीलता एवं सहनशक्ति बहुत अधिक होती है। इस नस्ल के पशु सफेद रंग के धब्बे युक्त भूरे रंग के होते है। कुछ सफेद एवं गहरे भूरे रंग के पशु भी देखे जाते हैं। पशु का आकार छोटा एवं मध्यम होता हैं। माथा उन्नत होता है। सींगों का रंग हल्का भूरा होता है व लम्बाई सामान्यतया अच्छी होती है। आँखें उन्नत एवं चमकदार होती है। सापेक्षिक रूप से कान लम्बे व खड़े होते है। सींग पीछे की ओर एवं बाहर की ओर को झुके हुये तथा नोंकदार होते हैं। गर्दन लम्बी व पतली होती है। गायों में कूबड़ का आकार छोटा जबकि बैलों में कूबड़ पूरी तरह से विकसित होता है। गले की झालर पतली होती है। गायों के बाँक एवं थन छोटे होते हैं, परन्तु चारों थन बराबर दूरी पर होते हैं। ये गायें कम दूध देने वाली होती हैं। इनका एक ब्यांत में दुग्ध उत्पादन लगभग २५० से १३०० किग्रा प्रति २७० से ३१० दिन में रहता है।



# DANGI

DANGI

डांगी



Dangi is a draught breed found in a small area of Nasik and Ahmednagar districts in Maharashtra state including an area in the Western Ghats known as Dangs from which the breed takes its name. They are well known for their excellent working qualities in heavy rainfall areas, rice fields and hilly tracts.

Dangi breeders are semi-nomadic. They belong to Kandadi, Mahadeo Koli, Thakar and Maratha communities, who practice seasonal migration and remain away from their villages for about 9 months in a year (January to September). During the hot and dry season, the breeders migrate towards coastal areas where grass, tree fodder and water are available to some extent. During the period of heavy rainfall, they settle down at the foothills for protection from the cold draught.

Dangi cattle have distinct white coat colour with red or black spots distributed unevenly over the body. Animals are medium in size with deep bodies. Head is usually small with a slightly protruding forehead. Muzzle is large. Horns are short and thick. Ears are small. Dewlap is slightly pendulous. Hump is firm and medium in size. Hoovers are black, flint-like and exceptionally hardy. Skin exudes an oily secretion which protects the animals from heavy rain. Milk yield averages 530 kg (range 32 to 1,228 kg) in an average lactation period of 269 days (range 100 to 396 days). Average fat in milk is 4.3%.



यह नस्ल मुख्य रूप से महाराष्ट्र के नासिक एवं अहमदनगर जिलों में तथा पश्चिमी घाटों पर पायी जाती है। यहीं से इसका नाम डांगी पड़ा है। ये नस्ल विशेष रूप से अपनी कार्यकुशलता के लिये जानी जाती है क्योंकि यह अत्यधिक वर्षा वाले क्षेत्रों एवं पहाड़ी क्षेत्रों में भी कुशलता पूर्वक कार्य करती है। विचरणशीलता इस नस्ल की विशेषता है। इनका पालन मुख्य रूप से कन्दाडी, महदेव कोली, ठाकर एवं मराठा जतियों द्वारा किया जाता है। ये जातियाँ वर्ष में लगभग ९ महीने (जनवरी-सितम्बर) अपने गांवों से बाहर ही विचरती हैं तथा एक स्थान से दूसरे स्थान की ओर पलायन करती रहती है। गर्म व शुष्क मौसम में ये अपने पशुओं के साथ तटीय क्षेत्रों की ओर चले जाते हैं जहां घास-पेड़, पौधे एवं पानी मिल जाता है। भारी वर्षा एवं जाड़ों के समय में ये लोग पहाड़ी क्षेत्रों की तलहटी में रहना पसन्द करते हैं। इस नस्ल का रंग सफेद परतदार होता है। गायों के शरीर पर लाल या काले रंग के धब्बे असममित रूप से रहते है। पशुओं का शरीर मध्यम आकार का गहराईदार होता है। सिर छोटा होता है तथा गले की झालर लटकी हुई प्रतीत होती है। कान छोटे होते हैं तथा कूबड़ मध्यम आकार का होता है। सींग छोटे व मोटे होते है। खुर काले रंग के व थोड़े कठोर होते हैं। त्वचा से एक प्रकार का तेल निकलता है जोकि भारी वर्षा से शरीर की रक्षा करता है। दुग्ध उत्पादन की क्षमता प्रति १००-४०० दिनों के दुग्ध उत्पादक काल में १२०० से १२५० किग्रा होती है। दुग्ध में वसा लगभग ४.३ प्रतिशत होती है।


# DEONI



## DEONI

## देवनी

Deoni is an important dual-purpose breed of cattle in Maharashtra. These animals are mainly found in the Latur district and the adjoining area of Prabhani, Nanded and Osmanabad districts of the Marathwada region of Maharashtra. The name of the breed is derived from Deoni Taluk of the Latur district. Deoni is a medium heavy animal. It is found in three colour variations viz. Wannera (clear white with black colour at the sides of the face), Balankya (clear white with black spots on the lower side of the body) and Shevera (white body with irregular black spots). The body is moderately developed and symmetrical with distinct muscles. The colour of the head is black and white in Wannera and Shevera and completely white in the Balankya strain. The forehead is prominent, broad, slightly bulged and white in all the strains; ears are long and drooping with slightly curved tips; horns are medium, thick, apart and emerge from the sides of the poles; tips of the horns are blunt; and eyes are prominent, bright and alert with black eyebrows. The neck is short, strong and well developed. Dewlap is thick, pendulous, and muscular with folds. It is more pendulous in males than in females. The tail is long reaching below the hock with black and white switch. The udder is well attached and medium in size with squarely placed black teats. The animals are docile and calm. Deshpande and Singh (1977A) observed lactation milk yield in Deoni herds ranging from 800 to 1000 kg. Sontakke et al. (1978) reported average fat percent of 4.29 in 100 samples of Deoni cow milk.



देवनी महाराष्ट्र में द्विउद्देशीय नस्ल के रूप में विख्यात है। यह नस्ल मुख्य रूप से लातूर एवं उसके साथ लगे जिलों में जैसे परभणी, नांदेड़ एवं उस्मानाबाद में पायी जाती है। इसका नाम लातूर जिले की देवणी तहसील के नाम पर पड़ा है। यह एक मध्यम भारी पशु है। यह मुख्य रूप से तीन रंगों में मिलती है।

१. चेहेरे पर दोनों ओर काले धब्बों के साथ पूर्ण श्वेत रंग में,
२. शरीर पर नीचे के भाग में धब्बों के साथ पूर्ण श्वेत रंग में,
३. धब्बेदार श्वेत रंग में

इस नस्ल में पशुओं का शरीर गठा हुआ तथा मांसपेशियाँ मजबूत होती हैं। इनका माथा उन्नत, बड़ा तथा हल्का सा उठा हुआ एवं श्वेत रंग का होता है। सींग काले लम्बे परन्तु सिरों पर हल्के से घुमावदार होते हैं। आंखें, उन्नत, चमकदार एवं बहुत संवेदनशील प्रतीत होती है। गर्दन छोटी परन्तु मजबूत होती है। गले की झालर मोटी, लटकी हुयी तथा

झालरदार प्रतीत होती है। यह बैलों में गायों के सापेक्ष अधिक लटकी हुई होती है। पूंछ लम्बी होती है तथा काले सफेद रंग के सिरे से युक्त होती है। बॉक मध्यम आकार का एवं पूर्ण विकसित होता है जबकि थन काले रंग के व वर्गाकार रूप में व्यवस्थित रहते है। पशु शान्त प्रकृति के होते है। एक ब्यांत के दुग्ध अन्तराल में ये गायें ८००-१००० किग्रा दूध देती है। इनके दूध में वसा का प्रतिशत लगभग ३.० होता है।

# GAOLAO



GAOLAO

गवळाव

The Gaolao is a dual-purpose breed reared for draught (mainly fast transportation) and milk production. This breed is found in Wardha district of Maharashtra; and Balaghat, Chhindwara, Durg, Rajnandgaon and Seoni districts of Madhya Pradesh. There is a close similarity between the Ongole and the Gaolao except that the latter is much lighter with greater agility. Herd size is normally 6 to 8 but some farmers have large herds. Animals are grazed in the grasslands preserved by the forest department. Grazing is usually available from middle of July to the end of October. Sorghum is the principal crop of the area. Grains are used for human consumption while the stover is fed to cattle. Cows and young stock are usually undernourished but bullocks and young male calves ready for sale are well fed. Cotton seed, linseed or groundnut is given as concentrates. Bullocks are particularly trained to run fast. Gaolao animals are white or light grey. Males are generally grey over the neck, hump and quarters, medium sized, light built, narrow and long. Head is markedly long and narrow usually tapering towards the muzzle. Forehead is usually flat, though it appears to recede at the top, giving a slightly convex appearance. Eyes are almond shaped and placed slightly at angles. Ears are of medium size and carried high. Horns are short and stumpy, blunt at the points and curve slightly backward. Hump is well developed, loose and hangs on one side. Dewlap is voluminous but the sheath is moderately developed. Tail is short, reaching just below hocks. Average body weight is around 430 kg in males and 340 kg in females. Average age at first calving is around 1,300 days. Milk production is about 600 kg (range 470 to 725 kg) in a lactation of about 240 days. Fat is about 5.5%. Average service period is around 93 days and calving interval around 387 days.

गवळाऊ यह भी द्विउदेदशीय नस्ल है, जो दूध व माल ढोने, दोनों कार्यो के लिये उपयोगी होती है। यह नस्ल महाराष्ट्र के वर्धा जिले में तथा मध्य प्रदेश के बालाघाट, छिंदबाड़ा, दुर्ग, राजनन्दगांव व सिवनी जिलों में विशेष तौर पर पायी जाती है। ओन्गोल व गवळाऊ में बहुत अधिक समानतायें पायी जाती है। यह ओंगोल से हल्की तथा अधिक चन्चल होती है। ये चारागाहों में चरना अधिक पसन्द करती है। इस नस्ल के पशु सफेद अथवा हल्के भूरे रंग के होते है। बैलों का रंग गर्दन के ऊपर कूबड़ तथा चतुर्थांश पर भूरा होता है। कद मध्यम आकार का, शरीर हल्का संकरा व लम्बा होता है। सिर लम्बा एवं संकरा नाक की ओर को ढलवाँ होता है। माथा चपटा तथा उत्तल होता है। आंखें बादाम की आकृति की एवं एक कोण पर झुकी हुई होती है। कान मध्यम आकार के एवं ऊंचे होते है। सींग छोटे व विकेट के आकार के होते हैं तथा आगे से मोटे व कुन्द होते है। कूबड़ इतना बड़ा होता है कि एक तरफ से झुका व ढीला दिखायी देता है। गले की झालर पूर्णतः विकसित होती है। पूंछ छोटी होती है। पशु के शरीर का औसत वजन ३४०-४३० किग्रा होता है। १२०० दिन की उम्र पर ही गाय प्रथम बार दुधारू हो जाती हैं। इसका दुग्ध उत्पादन लगभग ४७० से ७२५ किग्रा एवं दुग्ध अंतराल लगभग २४० दिन का रहता है। इसके दुग्ध में वसा का प्रतिशत लगभग ५.५ रहता है।

गौसमृद्धि

मां की ममता, बढ़ाए क्षमता

# GANGATIRI



## GANGATIRI

## गंगातीरी

Thin breed is found costal areas of Ganga, normally Bihar and Varanasi. This is dual purpose breed developed from hariana cattle-breed 10-12 years back, this was on the verge of extinction with the efforts of local people and "Surabhi Shodh Sansthan this could be perfected and developed. Normally found in white colour. Hump of bulls and bullocks in quite long, brownish in colour near neck. 10-15 liters of milk - yield per day. Eyes black, face nardo. Horns are short and antenna like. Tail long with back hairs.

यह उत्तर भारत में गंगा के तटीय प्रदेश बिहार, वाराणसी क्षेत्र की द्विउद्देश्य नस्ल है । यह हरियाणा प्रजाति से विकसित की गई । लगभग १०.१२ वर्ष पूर्व लूप्त होने की स्थिति में आई थी स्थानीय गौ-भक्तो, सुरभि शोध संस्थान आदी के प्रयत्नों से अब बनारस में है यह सामान्यतः सफेद रंग में पाई जाती है । बैलों का कूबडा लंबा एवं गर्दन का रंग कुछ भूरा मिलता है । दिन में औसतन १० से १५ लिटर दूध देती है । आँख काले एवं चेहरा पतला होता है । सींग छोटे तथा उपर उठे हुए । पूँछ लंबी एवं बाल घने काले होते है ।





# G I R



GIR


गीर

The Gir is a famous milk cattle breed of India. The native tract of the breed is Gir hills and forests of Kathiawar including Junagarh, Bhavnagar, Rajkot and Amreli districts of Gujarat. The Gir animals are famous for their tolerance to stress conditions and resistance to various tropical diseases. Bullocks of this breed are used to drag heavy loads on all kinds of soil. Brazil, Mexico, USA and Venezuela have imported these animals where they are being bred successfully. These animals contribute significantly to the total milk production of Gujarat State. The Rabaris, Bharwads, Maldharis, Ahirs and Charans tribes are mainly involved in Rearing of Gir cattle. They move with their cattle from one place to another in search for grazing. The Gir animals are also kept at different Gaushalas (cow barns) in Gujarat State.

The coat colour of Gir animals varies from shades of red and white to almost black and white or entire red. Skin colour is dominantly black but in a few animals it is brown. Forehead is prominent, convex and broad like a bony shield. This overhangs eyes in such a way that they appear to be partially closed and the animal shows sloppy appearance. Ears are long and pendulous and folded like a leaf with a notch at the tip. Horns are curved turning back at the tip.

They orient downwards and backwards from the base and incline a little upwards and forwards. The tail is long and whip like, hooves are black and medium-sized, hair is short and glossy, skin is loose and pliable, hipbones are prominent, the body is well proportioned, the udder in cows is well developed and teat tips are round. Heifers received a lesser number of artificial inseminations for successful conception than cows. Singh et al. (1981) observed age at first calving in Gir cows as 52.49 months. Ulmek and Patel (1993a) reported average lactation and 300 days milk yield in 378 Gir cows as 1775 and 1449 kg, respectively.

गीर भारत की एक प्रसिद्ध दुधारू नस्ल है। इसका उत्पत्ति, विचरण व प्राप्ति क्षेत्र गीर की पहाड़ियों, काठियावाड़ के जंगल, जूनागढ, भावनगर, राजकोट एवं गुजरात के अमरेली जिले हैं। इस नस्ल के बैल लगभग प्रत्येक प्रकार की भूमि पर भारी कार्य के लिये कुशल होते है। गुजरात राज्य के दुग्ध उत्पादन में इस नस्ल का विशेष योगदान है। इस नस्ल में लाल एवं सफेद तथा काले सफेद या पूर्ण रूपेण लाल रंग के बालों वाले पशु मिलते है। त्वचा का रंग काला या भूरा होता है। माथा विकसित चौड़ा तथा उन्नत होता है। इसकी आँखों की स्थिति ऐसी होती है कि ऐसा लगता है जैसे पशु आँख मूँद कर खड़ा हो। पूँछ लम्बी व खुर काले व मध्यम आकार के होते है। कान लम्बे व लटके हुये तथा अग्र भाग पर गोलाई लिये हुये व ऐंठें हुये होते हैं। कानों के अग्रभाग पर एक कटाव रहता है। सींग मुडे हुये एवं अग्रभाग पर पीछे के ओर झुके हुये रहते है। त्वचा ढ़ीली व परतदार प्रतीत होती है। शरीर आनुपातिक रूप से भारी प्रतीत होता है। इस नस्ल की गायों में बाँक पूर्ण विकसित होता है तथा थन गोलाई लिये हुये होते हैं।



# HALLIKAR




## HALLIKAR

हल्लाकर

Hallikar cattle is typical Mysore type of cattle found mainly in Mysore, Mandya, Bangalore, Kolar, Tumkur, Hassan and Chitradurga district of Karnataka. It is one of the best draught breed of southern India. In the entire tract bullocks are given special attention. Price of each bullock ranges from Rs. 5,500 to Rs 10,000. This is probably the only consideration for personal attention in the feeding and management of the males. Females are being used for all kinds of farm operations. They can also work in water logged fields and contribute to the farming system.

Color is grey to dark grey with deep shading on the fore and hind quarters. Frequently, there are light grey marking on the face, dewlap and under the body. Hallikar cattle are medium sized, compact and muscular in appearance. The forehead is prominent giving a slight bulgy appearance and is furrowed in the middle. The face is long and tapers towards the muzzle, which is usually grey to black. Horns emerge near each other from the top of poll and are carried backward, each in a straight line for nearly half their length and then with a gentle and graceful sweep bend forward and slightly inward toward the tips which are black and sharp. Horns almost touch the neck in front of hump when the animal is feeding with its head downward. Eyes are small and clear. Ears are small tapering to a point. Dewlap is thin and moderately developed. Sheath is very small and is tucked up with the body. Tail is fine with a black switch which reaches little below hocks. Age at first calving ranges from 915 to 1,800 days with an average of about 1,370 days. Lactation milk yield is around 540 kg ranging from 227 to 1,134 kg. Lactation length ranges from 210 to 310 days averaging of about 285 days. Fat is about 5.7%. Average calving interval is 598.9±27.36 days.

यह एक मजबूत शरीर वाली नस्ल है जो कि कर्नाटक के मैसूर, मांडया, बैगलोर, कोलार, तुमकुर, हासन एवं चित्रदुर्ग जिलों में पायी जाती है। यह दक्षिणी भारतीय नस्लों में सर्वोत्तम नस्ल है। इस नस्ल के बैल विशेष तौर पर उपयोगी होते हैं, जो खेती के लगभग सभी क्रिया-कलापों में उपयोगी रहते हैं। पानी के भराव वाले क्षेत्रों में भी ये अच्छी प्रकार कार्यशील रहते हैं। इन का रंग भूरा या गहरा भूरा होता है। यह नस्ल मध्यम आकार की तथा मांसल सी प्रतीत होती है। मस्तक वाला भाग उन्नत होता है। चेहरा लम्बा व नाक की ओर झुकाव वाला होता है। नाक सामान्यताया काली या भूरे रंग की होती है। सींग लम्बे व सिरों पर एक दूसरे की ओर मुड़े हुये रहते हैं। इनका झुकाव पीछे की ओर रहता है। आँखें छोटी होती है। कान छोटे तथा झुकावदार होते है। गले की झालर छोटी व कम लटकाव वाली होती है। पूंछ लम्बी काले सिरे वाली होती है तथा पिछले पैरों के जोड़ से नीचे तक लटकी रहती है। इसका प्रथम ब्यांत का समय औंसतन १३७० दिन का होता है। तथा दुग्ध उत्पादन २०० से ११०० किग्रा तक होता है। इसके दुग्ध में वसा का प्रतिशत लगभग ५.७ प्रतिशत होता है।



# HARIANA



## HARIANA

## हरियाना

Hariana, a prominent dual-purpose breed of northern India, was primarily reared for bullock production. Its breeding tract encompasses large parts of Rohtak, Hisar, Jind and Gurgaon districts of Haryana. These animals are also reared in Jodhpur, Alwar, Loharu and Bharatpur districts of Rajasthan. Meerut, Bulandshahar and Aligarh districts of western Uttar Pradesh also have sizable population of this breed. This is one of the most widely spread breed in the Indo-Gangetic plains. According to some reports the purebred Hariana cattle were abundant in Jhajjar, Beri and Jahajgarh pockets of Rohtak district. Hariana animals are white or light-grey in colour. In bulls, colour in between fore and hind-quarters is relatively dark or dark grey. Skin is black. Hariana cattle have compact and proportionately built body. They are characterized by a long and narrow face, flat forehead and a well marked bony prominence at the centre of the poll. The: have small horns. Muzzle is usually black. Eyes are large and prominent. Typical animals have black eyelashes. Head is carried high and gives them a graceful appearance. Hump is of medium size in cows and large in males. Legs are moderately long and lean with small, hard and well shaped feet. Sheath is small. Udder is capacious and extends well forward with a well-developed milk-vein. Teats are well developed proportionate and medium sized. Tail is rather short, thin and tapering. There is black switch reaching just below hocks. A coat colour other than white or grey as well as white switch of tail is considered a marked deviation from the typical attributes and a disqualification from the stand point of breed registration. Adult body weight is around 499 and 325 kg in males and females respectively. Age at first calving ranges from 1,067 to 1,809 days with an average of 1,567 days. Average milk yield is around 997 kg with a range of 692 to 1,754 kg. Lactation length is about 272 days ranging from 238 to 330 days. Average service period is 232 days (range 126 to 305 days), dry period 255 days (range 133 to 571 days) and calving interval 483 days (range 415 to 561 days).

यह उत्तरी भारतीय क्षेत्र की विशिष्ट एवं द्विउद्देशीय नस्ल है। इसका एक प्रमुख उपयोग उच्च्य क्षमता के बैलों का उत्पादन है। इसके प्राप्ति एवं उत्पत्ति का क्षेत्र हरियाणा राज्य के रोहतक जिले के बड़े भाग में, हिसार, जीन्द एवं गुडगाँव है। इसके अतिरिक्त ये नस्ल राजस्थान के अलवर, जोधपुर, लोहारू, एवं भरतपुर जिलों में भी बहुतायत में मिलती है। उत्तर प्रदेश में यह हरियाणा से लगे एवं समीप वाले जिलों जैसे मेरठ, मुजफ्फरनगर, बुलन्दषहर एवं अलीगढ़ तथा बिजनौर में मिलती है। यह गंगा के दोआब में सर्वाधिक प्रसारित नस्ल है। हरियाना के झज्जर, बेरी व जहाजगढ़ में इस नस्ल की शुद्ध प्रजाति मिलती है। यह नस्ल सफेद या हल्के रंग की होती हे। बैलों में अग्र एवं पार्श्व भाग में रंग गहरा होता है। इनका लम्बा एवं पतला चेहरा इनकी विशिष्टता है। इस नस्ल में नाक सदैव काले रंग की होती है। इनका माथा चपटा तथा सींग छोटे, सिरों पर नुकीले तथा गोलाई लिये हुये सदैव अन्दर की ओर को झुके हुये होते है। आँखें काली एवं सुन्दर होती हैं। कुछ पशुओं में आंख की पुतली का भाग काला होता है। सिर ऊँचा एवं उन्नत तथा उठा हुआ होने के कारण एक विशिष्ट पहचान देता है। कूबड़ नर व मादा दोनों में होता है। लेकिन मादा में कूबड़ बहुत छोटा व नर में बहुत बड़ा (लगभग शरीर के अनुपात में) होता है। पैर लम्बे पतले सुदृढ़ तथा सुन्दर होते है। खुरों का रंग काला होता है। बॉंक पूर्ण विकसित, बड़ा तथा दुग्ध नली पेट के निचले भाग में पूर्ण विकसित एवं उभरी हुई होती है। थन मध्यम आकार के पूर्ण विकसित तथा अनुपातिक रूप से सुदृढ होते हैं। पूंछ लम्बी एवं पतली तथा झुकाव वाली होती है। वयस्क नर पशुओं का वजन लगभग ५०० किग्रा व मादा का ३२५ किग्रा तक पाया जाता है। औसतन प्रथम ब्यांत का समय १५६७ दिन रहता है। इससे लगभग ६५० से १७५० किग्रा तक दुग्ध एक दुग्ध उत्पादन समयान्तराल में, जो कि २४० दिन से ३३० दिन का हो सकता है, मिलता है।

# KANGAYAM



## KANGAYAM

## कांगायाम

Kangayam is a draught breed of cattle and distributed in Kangayam, Dharapuram, Perundurai, Erode, Bhavani and part of Gobichettipalayam taluks of Erode district, Dindigul, Karur and Coimbatore district. On the other hand, replacement of Kangayam cattle by exotic crosses is high in Udumalpet, Pollachi, Palladam and Tirupur taluks of Coimbatore, and Erode district. This breed is most closely related to the Umblachery breed of cattle. Kangayam animals are well built and heavier than Umblachery cattle and are found in drier climate, whereas Umblachery are found in the hot humid tract. Kangayam cattle are maintained under semi-intensive system of management. They are traditionally reared on grazing in dry lands kept as pasture land by farmers for cattle and sheep in the breeding tract. Coat is red at birth, but changes to grey at about 6 months of age. Bulls are grey with dark colour in hump, fore- and hind-quarters, face and legs. Bullocks are grey. Cows are grey or white and grey. However, animals with red, black, fawn and broken colour are also observed. Such animals comprise approximately 1 to 2 % of the total population. Horns, muzzle, eyelids, tail switch and hooves are black. Skin is also black. Animals are strong and active with compact body. Legs are short and stout with strong hooves. Bullocks are capable for carting with load on a sunny cloudless summer day with ambient temperature of 30 to 35 degree Celsius. Milk yield ranges from 600 to 800 Kg with an average of about 540 Kg in a lactation of about 270 days. Average fat and SNF is 3.88 + 0.07 and 6.96 + 0.05 % respectively.

कांगायाम नस्ल मुख्यतः कंगायम, धर्मपुरम, पेरून्दुरई इरोड़, भावानी, एवं इरोड़ जिले के गोबीचोट्टिपालायम् तहसीलों (तालुकों) में पायी जाती है। इसके अतिरिक्त यह डिंडीगुल, कारूर एवं कोयमबटूर जिलों में भी पायी जाती है। यह नस्ल उम्ब्लाचेरी नस्ल से बहुत समानता रखती है लेकिन कांगायम सुदृढ़ कद-काठी एवं भारी शरीर की नस्ल है तथा अपेक्षाकृत शुष्क स्थानों में पायी जाती है, जबकि उम्ब्लाचेरी नस्ल आर्द्र स्थानों पर मिलती है। कांगायम नस्ल सामान्यता चारागाहों में चरती रहती है। जन्म के समय इनका रंग लाल परंतु ६ महीने पश्चात सलेटी हो जाता है। कूबड़ पर तथा पैरों के संधि स्थलों पर रंग गहरा सलेटी होता है, जबकि शेष भाग पर साँडों का रंग लाल या काला एवं बैलों का रंग सलेटी मिलता है। इन नस्लों में सींग, नाक, भौंहें, पूंछ के सिरे एवं खुरों का रंग काला होता है। साथ ही त्वचा का रंग भी काला होता है। पशु गठीले शरीर एवं मजबूत कद-काठी वाले होते है। पैरों की लम्बाई कम होती है। जबकि खुर मजबूत होते हैं। बैलों में उच्च तापमान वाले गर्मी के दिन में भी कार्य करने की क्षमता होती है। इनकी दुग्ध उत्पादन क्षमता लगभग ६००-८०० किग्रा प्रति ब्यांत एवं दुग्ध उत्पादन समयान्तराल २७० दिनों का होता है। इस नस्ल में दूध में वसा का प्रतिशत ३.८ से ७.० प्रतिशत तक होता है।



# KANKREJ



## KANKREJ

## कांकरेज

Kankrej cattle have had the important impact on U.S. cattle breeding. Kankrej cattle are gray cattle of northern India and have long, lyre shaped horns. They are among the largest cattle of India and are prized as powerful draft animals and are moderate milk producers. Having short broad faces with long ears drooping and open to the front. Color varies from light gray to black at maturity. The barrel is generally lighter in color than the rest of the body, especially in bulls. Bulls tend to get darker than cows or steers. Kankrej cattle are maintained as a pure breed in India and Brazil in large numbers, with a few in the U. S. The Kankrej was the most important breed in the formation of the American Brahman. A literature review of these and other Indian breeds in India, Brazil, Mexico and the U. S., would indicate production characteristics similar to the American Brahman and other Bos indicus breeds with lower birth weights in purebreds than Bos taurus breeds. Like all Bos indicus breeds the Kankrej adds environmental adaptability to tropical and subtropical conditions, insect tolerance and some disease resistance, longevity, and maternal ability, especially in crosses with Bos taurus breeds. The cattle are gentle without a disposition problem and are fertile under adverse conditions.

The gait of Kankrej is peculiar to the breed, the action is smooth, and there is hardly any movement of the body. The gait is called one fourth paces (sawai chal) by the breeder. Average milk yield is around 1,746 kg (range 1,097 to 3,194 kg). Lactation length averages 294 days (range 257 to 350 days), calving interval is around 490 days, and fat is around 4.8% (range 4.66 to 4.99%).

इस नस्ल ने संयुक्त राज्य अमेरिका के गोवंश के संवर्धन में विशिष्ट भूमिका निभायी है। यह पश्चिम भारत की सलेटी रंग की नस्ल है। इसके सींग लम्बे एवं गोलाई लिये हुये बड़े आकार के होते हैं। यह भारत की सबसे बड़ी नस्ल है। इसका चेहरा छोटा परन्तु कान लम्बे एवं चेहरे की ओर को झुके हुये रहते है। बड़े होने के साथ रंग हल्का सलेटी से गहरा काला होता जाता है। साँडों का रंग अन्य पशुओं के सापेक्ष गहरा होता है। यह एक सीधी एवं खराव से खराब परिस्थितियों के अनुरूप अपने आपको ढालने वाली नस्ल है। यह शान्त स्वभाव के साथ चाल-ढाल में भी शान्त है। इसकी चाल अन्य नस्लों के सापेक्ष सवाई है। इसमें दुग्ध उत्पादन ११०० से ३२०० किग्रा प्रति ब्यांत होता है तथा दुग्ध उत्पादन अन्तराल लगभग २६० दिन (२६० से ३५० दिन) का होता है। इसके दूध में ४.८ प्रतिशत तक वसा मिलती है। यह नस्ल मुख्यतः गुजरात राज्य मैं मिलती है ।



# KENKATHA




## KENKATHA

## केन्काठा

The Kenkatha cattle take their name from the River Ken, for they are bred along the banks of this small river in the area of Bundelkhand comprising Lalitpur, Hamirpur and Banda districts of Uttar Pradesh, and Tikamgarh district of Madhya Pradesh. This breed is similar to the Malvi breed.

The Kenkatha cattle are small, sturdy and fairly powerful, varying in colour from grey on the barrel to dark grey on the rest of the body. Head is short and broad. Forehead is dished. Horns emerge from the outer angles of poll in a markedly forward direction and terminate in sharp points. Ears are sharply pointed and do not droop. Body is short, deep and compact. Hump is well-developed. Sheath is somewhat pendulous and ends with a black tip. Dewlap is moderately heavy. Tail grows beyond hocks.

केन्काठा नदी की घाटी में उत्पन्न एवं संवर्धित होने के कारण है इस नस्ल का नाम केन्काठा पड़ा है। यह मुख्य रूप से बुन्देलखण्ड के ललितपुर, हमीरपुर एवं बांदा (उ०प्र०) तथा मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ जिलों में पायी जाती है। यह मालवी नस्ल के समकक्ष है। इस नस्ल के पशु छोटे, सुन्दर, सुदृढ़ कद काठी वाले एवं मजबूत होते हैं। इनका रंग गर्दन पर सलेटी तथा शेष शरीर का रंग गहरा सलेटी होता है। सिर छोटा व चौड़ा होता है। माथा गोलाई लिये हुये होता है। सींग गोलाई लिये हुये अन्त में नुकीले परन्तु वाह्य दिशाओं की ओर प्रक्षेपित रहते है। सींग का सिरा नुकीला व गोल होता है। कान तीक्ष्ण कटाव वाले एवं शरीर की दिशा में होते हैं। शरीर छोटा गहराबदार एवं संरचनात्मक रूप से मजबूत होता है। कूबड़ पूर्ण विकसित होता है। गले की झालर लटकती एवं सिरे पर काले रंग की होती है।



# KERIGHAR



Kerighar

खेरीगढ

Kherigarh breed is closely allied to the Malvi breed. This breed is mostly found in the Lakhimpur-Kheri district of Uttar Pradesh, but some animals are also found in the adjoining Piliphit district. This breed has been named after the area. The local people, however, do not know anything about its name and just call it as desi. Population of Kherigarh breed has decreased considerably over the last few years because of large scale deforestation for crop production. The grazing areas are now restricted to roadsides and canal banks only.

Kherigarh cattle have white coat colour. Some animals have grey colour distributed all over body especially on face. They grey colour might have appeared due to interbreeding among different breeds.These are small-sized, very active animals, reared mainly for draught purpose. Face is small. Forehead is flat and broad. Eyes are large, bulging and bright. Horns are medium (about 15 cm) and upstanding, curving outward and upward. These are thick at the base. Horn formation is typical of the lyre-horned Malvi type. Animals of this breed are much lighter in general appearance than the Malvis. Ears are small and horizontal. Muzzle is black. Neck is short. Hump is small in females and medium sized in males. Dewlap is thin and pendulous, starts from right under the chin and continues up to brisket. Legs are light and straight. Hooves are small and black. Tail is long almost touching the ground and ending in a black switch. Udder is small and tightly attached with the body. Teats are small and cylindrical. Skin is slightly loose and black. Bullocks are very good for draught purposes. They run very fast. Cows are poor milkers. They produce about 1 to 1.5 liters of milk in a day for about one year. A weekly animal fair is held at Dhubagha, Lakhimpur - Kheri for trade of only male animals.

खैरीगढ यह नस्ल भी मालवी नस्ल के समतुल्य होती है। यह उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में प्रमुखता से पायी जाती है, लेकिन कुछ उपस्थिति पीलीभीत में भी मिलती है। खीरी जिले के नाम पर इसका नाम खैरीगढ़ पड़ा है। इसकी त्वचा का रंग सफेद अथवा सलेटी होता है। इस नस्ल का आकार छोटा होता है। यह काफी चंचल नस्ल है तथा परिवहन के लिये मुख्य रूप से उपयोगी है। चेहरा छोटा, माथा चौड़ा व सपाट होता है। आँखें बड़ी व चमकदार तथा उभरी हुई होती है। सींग मध्यम आकार के एवं ऊपर की ओर को खड़े हुये रहते हैं। ये नस्ल मालवी के सापेक्ष हल्की प्रतीत होती है। गायों में कूबड़ छोटा व बैलों में मध्यम आकार का होता है। गले की झालर सीधे ठोड़ी के नीचे से प्रारम्भ होती हुई लटकी एवं पतली होती है। पैर हल्के व सीधे होते है। पूंछ धरती को छूती हुई होती है तथा अन्तिम छोर काले रंग का होता है। बाँक छोटा व शरीर के साथ सटा हुआ होता है। थन छोटे व गोलाई लिये हुये होते हैं। त्वचा थोड़ी सी काली व ढीली होती है। खुरों का रंग काला व आकार छोटा होता है। बैल बहुत उपयोगी होते हैं। गायें कम दूध देती हैं। ये सालभर १ से १.५ लीटर दूध प्रतिदिन देती है।



# KHILLARI



KHILLARI

खिल्लारी

Khillari breed of cattle is known for quick draught capabilities of its bullocks. This breed is found in Kolhapur, Solapur, Sangli and Satara districts of Maharastra and Belgaum, Bijapur and Dharwad districts of Karnataka. This breed is seemed to have originated from Hallikar or Amrithmahal breed of cattle.

A typical Khillar animal is compact and tight skinned, with clean cut features. Appearance is like a compact cylinder with stout, strongly set limbs. There is a slight rise in the level of back toward the hook bones. A groove runs in the center of the forehead from the nasal bridge to of the poll. Face is lean and long with smooth, tightly drawn skin. Ear is small, pointed and always held sideways. Horns are long and pointed. Dewlap is light with very few folds. Hump in male is firm and moderate size. Khillar bullocks are highly valued as fast powerful draught cattle, for they can travel miles without showing any sign of fatigue. Cattle of this breed are exported to north - western Shri Lanka to improve draught qualities of Sinhala breed. Cow producing average milk of 384 kg (range 240 to 515 kg).




यह नस्ल अपने बैलों की उपयोगिता के लिये जानी जाती है। यह महाराष्ट्र के कोल्हापुर, सोलापुर, सांगली व सातारा जिलों तथा कर्नाटक के बेलगॉव, बीजापुर एवं धारवाड़ जिलों में मिलती है। यह मुख्यतया हाल्लीकर एवं अमृत महल नस्लों के संकरीकरण से प्राप्त हुई प्रतीत होती है। शरीर गठीला व स्थूल, चेहरा लम्बा, झुका हुआ व कसी हुई त्वचा के साथ मुलायम प्रतीत होता है। सींग लम्बे व नुकीले होते है। सींग का ढाल पीछे की ओर परन्तु सिरों का प्रक्षेपण आगे की ओर वक्राकार होता है। कान छोटे होते हैं। गले की झालर हल्की व कम मोढ़दार होती है। नर पशुओं में कूबड़ विकसित एवं सुदृढ़ आकार का होता है। इस नस्ल के बैल परिवहन के लिये काफी उपयोगी रहते है। गाय २४० से ५१५ किग्रा तक दूध का उत्पादन करती है।



# KRISHNAVELLY



## KRISHNA VELLY

## कृष्णावेल्ली

KrishnaValley is the draught breed of cattle, braving extreme hot, humid climatic conditions and is able to work well in the black cotton soil in the valleys of Krishna river in Karnataka state in India. It was reported that the kings of Southern Mahratta country, which lied in the watershed areas of the rivers (Krishna, Ghataprabha and Malaprabha), tried to evolve a powerful bullock for agricultural purposes in the sticky black cotton soil during the last two decades of the nineteenth century (Joshi and Phillips 1953). It was claimed that Gir and possibly Kankrej cattle from Gujarat state, Ongole cattle from Andhra Pradesh state and local cattle having Mysore-type blood were used to evolve the Krishna Valley breed. The king of Sangli, a well-known breeder of Krishna Valley, contributed substantially in making judicious use of all these strains to produce the desired type of animal. At present, only a few hundred animals of true to type are available in and around few villages of Jamkhandi, Mudhol and Athani taluks of northern parts of Karnataka. The reasons for the decline in number are selling of animals of Krishna Valley due to continuous drought in the tract and preference of the farmers for Khillari breed which is more attractive and massive in appearance resulted in lack of Krishna Valley Breeding bulls. The first step towards conservation of livestock genetic resources is the genetic characterization with respect to phenotypic parameters, unique qualities and utility. Subsequently finding out the genetic architecture through molecular means and evolutionary relationship with other related breeds would provide valuable information about the breed for taking up conservation measures. The physical characterization had already been done by Ramesha et al. (2001) in the native tract. Considering these facts, the present study has been carried out to characterize the Krishna Valley breed of cattle using the molecular marker, such as microsatellites.

इस नस्ल की उत्पत्ति में गिर, कांकरेज, ओंगोल व मैसूर की स्थानीय नस्लों का प्रयोग किया गया है। यह नस्ल परिवहन के लिये उत्तम नस्ल है। तथा इसके साथ यह उच्च तापमान व आर्द्रता वाले क्षेत्रों में कुशलता के साथ कार्य करती है। इस नस्ल का उपयोग अत्यधिक चिपकने वाली काली मिट्टी में परिवहन के लिये सफलता पूर्वक होता रहा है, परन्तु इस समय कर्नाटक के उत्तरी क्षेत्र के जामखण्डी, मुधोल, एवं अठानी तालुकों में ही इसके कुछ सौ पशु शेष रह गये है।यह लम्बे व नोकदार सींगों वाली जिनका फैलाव बाहर की ओर, कान मध्यम एवं धरती की ओर अभिमुखी, कूबड़ पूर्ण विकसित, पिछला भाग अग्र भाग के सापेक्ष उठा हुआ होता है नाक का रंग भूरा व काला मुंह लम्बा, आँखें चेहरे की दिशा में व छोटी तथा माथा चपटा परन्तु ऊपर की ओर छोटा, गोलाई लिये हुये एवं उन्नत होता है। पूंछ लम्बी व सिरे पर काले रंग की होती है। बाँक मध्यम व थनों का आकार छोटा व मध्यम तथा गोल होता है। खुर गोल छोटे तथा काले के रंग के होते है।



# LAL KANDHARI

## LAL KANDHARI

## लालकंधारी



Red Kandhari breed of cattle in purest form is found in Kandhar, Mukhed, Nanded and Biloli tehsils of Nanded district; some pockets of other districts like Ahmadpur; Parli and Hingoli tehsils of Latur district; and Bid and Parbhani districts of Marathwada region.

In Kandhar tehsil the Red Kandhari breed of cattle is more common. It is said that this breed was taken up by the royal dynasty of King Somadevraya as far back as 4th Century A.D. Raja Somdeorai was the son of Raja Kanhar and ruled over Kandhar. The name Red Kandhari appears to be the corrupt name from Raja Kanhar. This cattle breed having red colour also naturally acquires the name Red Kandhari. The breed could have been named by Raja Somdeorai in memory of his father as Red Kanhari, now misnomered as Red Kandhari. Red Kandhari breed supplies bullock power to northern part of Marathwada. In markets like Parbhani and Puna in Parbhani district, and Loha Kundalwadi and Naigaon in Nanded district facilities are available for sale and purchase of these animals. In the last two named markets, bulls and cows of pure breed are available for breeding purpose.

Red Kandhari is a medium-sized, strong and robust animal. The body is compact, squarely built, but not massive, with well-proportionate limbs. The colour is uniform deep dark-red, but variations from a dull red to almost dark brown are found. Bulls are darker than cows. Fore-head is broad between eyes and is slightly bulging. Bullocks are used for heavy work. Average lactation yield is 597.6±18.32 kg in a lactation period of 259.8±4.26 days. Average fat content in milk is 4.57±0.03% and SNF content 8.62±0.01%.

लाल कंधारी शुद्ध लाल कान्धारी प्रजाति के गौपशु नान्देड जिले के कन्धार, मुखेड, नान्देड एवं बिलोली तहसीलों में मिलते हैं। कुछ अन्य क्षेत्रों में भी इनका वंश पाया जाता है। इसके अतिरिक्त अहमदपुर, परली, हिंगोली आदि तहसीलों, मराठवाड़ा के बीड़ एवं परभणी जिलों में भी यह प्रजाति मिलती हैं। यह नस्ल चौथी शताब्दी ईसा पूर्व राजा सोमदेवराय के राज्य में राज्य पशु के रूप में रहती थी। इसके लाल रंग के कारण ही इसका नाम लाल कंधारी पड़ा है। यह मध्यम आकार की मजबूत कद-काठी वाली एवं रौबदार प्रजाति है। इसका शरीर मजबूत एवं लगभग वर्गाकार होता है। बैलों का रंग गायों के सापेक्ष गहरा होता है। माथा आँखों के बीच में बड़ा होता है एवं हल्का सा दबाव लिये होता है। इसके बैलों का मराठवाड़ा में भरपूर उपयोग भारी कामों में किया जाता है। इसका औसतन दुग्ध उत्पादन ५५० से ६०० किग्रा तथा दूध में वसा का प्रतिशत लगभग ४.६ प्रतिशत होता है।



# MALVI



MALVI

मालवी

Malvi is primarily a draught breed found in a large area comprising Indore, Dewas, Ujjain, Shajapur, Mandsaur, Ratlam, and Rajgarh districts of Madhya Pradesh, and Jhalawar district of Rajasthan. There are 3 strains of Malvi breed: light, medium and heavy. The Umatware strain bred in Rajgarh and Narsingarh is a heavy type animal; the Saugar strain in the Malwa tract of Madhya Pradesh is a lighter type. In the west adjoining Rajasthan the breed is larger, while in Madhya Pradesh it is smaller. Malvi bullocks are well known for quick transportation, endurance and ability to carry heavy loads on rough roads.

Malvi cattle are grey in males, with neck, shoulders, hump and quarters almost black. Cows are bullocks become nearly pure white with age. Malvi cattle have short, deep and compact body. Legs are short but powerful, and hooves are strong and black. Dewlap is well developed and the sheath is pendulous. Head is short and broad with dished forehead. Muzzle is dark and slightly upturned. Horns are strong and pointed, and emerge from the outer angles of poll in an outward and upward direction. Average milk yield is 1,074 kg (range 627 to 1,227 kg). Average lactation length is 306 days (range 411 and 530 days).

मालवी प्रजाति के बैलों को तीव्र परिवहन के साधन के रूप में जाना जाता है। ये अधिक भारवाही एवं लम्बे समय तक कार्य करने की क्षमता रखते है। राजस्थान के पश्चिमी क्षेत्र में मिलने वाली इसकी प्रजाति हल्की होती है, जबकि मध्य प्रदेश में मिलने वाली मालवी नस्ल छोटे आकार की होती है। नर पशुओं में त्वचा का रंग सलेटी होता है। इनकी गर्दन, कन्धे, कूबड़ व शरीर का लगभग एक चौथाई भाग काले रंग का होता है। आयु बढ़ने के साथ साथ रंग सफेद होता जाता है। शरीर छोटा, गहराबदार एवं संतुलित होता है। पैर छोटे परन्तु मजबूत होते है। खुर अत्यधिक मजबूत एवं काले रंग के होते है। गले की झालर पूर्ण विकसित एवं त्वचा भारी व लटकती हुई होती है। सिर छोटा होता है। जबकि माथा तश्तरी की तरह चौड़ा व सपाट होता है। थूथन गहरे रंग का व थोड़ा सा ऊपर को उठा हुआ प्रतीत होता है। सींग नुकीले एवं मजबूत होते है, जोकि सिर के किनारों से बाहर की ओर निकलते हुये ऊपर की ओर को प्रक्षेपित होते है। इसका औसत दुग्ध उत्पादन लगभग १०००-११०० किग्रा होता है।



## MALENADU GIDDA

मालेनाडु गिड्ड



This breed is found in Coastal hilly areas of Karnataka namely mangalore, Shimoga, Kumtha etc. This is small in size like vechura of Kerale and highly suitable and versatile for hilly areas. Mainly suitable for agriculture highly disease resistant, less diet and nutritions milk is speciality of this breed. Normally they are found ni brownish black slight yellowish and white colour. Their forehead long and narrow, small horns and long tail normally milk yield is 1-2 liters per day.

यह कर्नाटक के तटीय पर्वतीय क्षेत्र मंगलूर, मीगा, कुमठा में पाई जानी वाली छोंटी नस्ल है। केरल की वेच्चुर जैसी छोटे आकारवाली पर्वतीय इलाको के लिए आदर्श नस्ल है। मुख्यतः कृषि में उपयोगी। इसमें रोग प्रतिरोंधक क्षमता अधिक होती है आहार की मात्रा भी कम होती है, पौष्टिक दूध प्रदान करती है। सामान्यतः इसका रंग भूरा, काला, हल्का पीला एवं सफेद पाया जाता है। सिर लंबा और पतला होता है। सींग छोटे होते है पूँछ लंबी होती है। दूध प्रतिदिन १ से २ लिटर देती है।



# MEWATI



## MEWATI

## मेवाती

Mewati breed of cattle is found in the tract known as Mewat, comprising Alwar and Bharatpur districts of Rajasthan. These cattle are also found around Mathura and Kosi in western Uttar Pradesh, and Faridabad and Gurgaon districts of Hariana. The breed is sometimes spoken of as Kosi, on account of the sale of large number of cattle of this breed at the Kosi market. Presently this market has become buffalo dominated and few cows are being brought for sale. Mewati cattle are similar in type to the Hariana but there are traces of influence of the Gir, Kankrej and Malvi breeds. Mewati cattle are usually white with neck, shoulders and quarters of a darker shade. Face is long and narrow with forehead slightly bulging. Horns emerge from the outer angles of poll and are inclined to turn backward at the points. Eyes are prominent and surrounded by a very dark rim. Muzzle is wide and square. Upper lip is thick and overhanging, giving the upper part of the nose a contracted appearance. Ears are pendulous but not so long. Dewlap, though hanging, is not very loose. Sheath also is loose but not pendulous. Tail is long, the tuft nearly reaching the heels. Cows usually have well-developed udders. Mewati cattle are powerful and docile, and are useful for heavy ploughing and carting.

मेवाती नस्ल मेवात क्षेत्र में पायी जाती है। ये पशु राजस्थान के भरतपुर जिले, पश्चिम उत्तर प्रदेश के मथुरा और हरियाणा के फरीदाबाद और गुड़गाँव जिलों में पाये जाते हैं। इस प्रजाति को 'कोसी' के नाम से भी जानते हैं। मेवाती नस्ल लगभग हरियाणा नस्ल के समान ही होती हैं । मेवाती पशु की गर्दन सामान्यतः सफेद, कंधे से लेकर लगभग १/४ भाग गहरे रंग का होता है। इनका चेहरा लम्बा व पतला होता है। आँखें उभरी और काले रंग के घेरे से घिरी हुई होती है। इसका थूथन चौड़ा और नुकीला होता है। ऊपरी होंठ मोटा और लटका और नाक का ऊपरी भाग सिकुड़ा प्रतीत होता है। कान लटका हुआ लेकिन लम्बा नहीं होता है। गले के नीचे लटकी हुई झालर ज्यादा ढीली नहीं होती है। शरीर की खाल ढीली लेकिन लटकी हुई नहीं होती है। पूंछ लम्बी, सख्त तथा लगभग ऐड़ी तक होती है। गाय के थन पूर्ण विकसित होते हैं। मेवाती बैल शक्तिशाली और खेती में जोतने एवं परिवहन के लिये उपयोगी होते है।



# NAGORI



NAGORI

नागौरी

Nagori is a reputed breed. It is primarily reared for draught quality of its bullocks. Its home tract lies in the Nagaur district of Rajasthan in Western India. A sizable population of the breed is also found in the adjoining Jodhpur district and Nokha tehsil of Bikaner district. The traditional breeding tract covers an area of 17,718 km.

Nagori animals are fine, upstanding, very alert and agile, and generally white or light grey. In some cases head, face and shoulder are slightly grayish. Eyelids are white or light grey. Muzzle, hooves and horns are black. Skin is tight and black. Forehead is flat and not so prominent. Face is long and narrow like that of horse. Eyelids are heavy and overhanging, whereas eyes are small, clear and bright. Ears are medium in size with pinkish inside. Poll is very small and is almost absent in animals true to the breed. Horns are of medium size emerging from the outer angles of poll. They extend in an outward direction and are carried upwards with a gentle curve to turn in at points. Shoulder blade is prominent. Hump is well developed; back straight; legs long and straight with small, strong and compact hooves. Dewlap is small, fine and buttoned up with the body. Navel sheath is very small, tucked up with the abdomen like a button. Tail is high set and is of moderate length (below hock) ending in a black switch. Cows have small and shallow udder. Bullocks are big and powerful. They are capable of heavy draught work in deep sands. There is a tendency to legginess and lightness of bone, though feet are strong. This characteristic has given the breed its agility and ease of movement. It runs like a horse. Cows are poor milkers. Average milk yield is 603 kg (range 479 to 905 kg). Average lactation period is 267 days (range 237 to 299 days). The Nagori is mainly a draught breed. Its bullocks are used for transportation and in agricultural operations such as ploughing, cultivation and drawing water from well. They are usually broken for light work at about 3 years of age when they weigh around 275 kg. A pair of bullocks cost approximately Rs. 15,000.

यह प्रजाति खेती एवं परिवहन दोनों कार्यों के लिये समान रूप से उपयोगी होती है। इसकी उत्पत्ति एवं प्रवास स्थल राजस्थान का नागौर जिला है। इसके अतिरिक्त जोधपुर से सटे भागों में एवं नोखा तहसील (बीकानेर) में इस नस्ल के पशुधन की बहुतायत है। यह नस्ल सुन्दर, उन्नत एवं स्वभावगत चौकन्ना रहने वाली है। यह सामान्यतः सफेद या हल्के सलेटी रंगों में ही मिलती है। थूथन, खुर एवं सींग काले रंग के होते है। माथा चपटा, चेहरा घोड़े की तरह लम्बा व संकरा होता है। आँखें चमकदार छोटी व साफ होती है। कानों का आकार मध्यम व रंग अन्दर से गुलाबी होता है। सींग मध्यम आकार के व बाहर की ओर निकले हुये रहते हैं। कूबड़ पूर्ण विकसित एवं सीधा होता है। पैर लम्बे व सीधे तथा खुर छोटे एवं मजबूत होते है। गले की झालर छोटी, देखने में सुन्दर एवं शरीर के साथ चिपकी रहती है। पूंछ एड़ी तक पहुंचती है तथा इसका सिरा काले रंग का होता है। बाँक छोटा व फूला हुआ होता है। बैलों का आकार बड़ा होता है व क्षमता अत्यधिक होती है। ये गहरे रेतीले भू भाग पर भी कार्य करने में कुशल होते हैं तथा घोड़े की तरह दौड़ने में सक्षम होते हैं। गायों की दुग्ध उत्पादन क्षमता औसतन ६०० किग्रा प्रति ब्यांत होती है। दुग्ध उत्पादन का समयान्तराल औसतन २६७ दिनों का रहता है।



Nagori

*cow and calf*

India

# NIMARI



NIMARI

निमाडी

Nimari breed is found in Nimar tract of Narmada valley in Madhya Pradesh com-prising Khandwa, Khargon and Barwani districts. Some animals are also found in Jalgaon district of Maharashtra. Animals are active. Bullocks are known for their draught work but cows are poor milkers. The Nimari breed seems to have originated from crossing of the Gir and the Khillari. Gir blood has contributed to its coat colour, massive body structure and convexity of forehead, and Khillari blood to its hardiness, agility and temper. Khamla found in Satpura ranges of Madhya Pradesh and Khamgoan in Berar are very similar to Nimari and may be its strains

Nimari cattle are red with large splashes of white on various parts of the body. Head is moderately long with a somewhat bulging forehead. It is carried alertly and gives the animal a graceful appearance. Horns usually emerge in a backward direction from the outer angles of the poll, somewhat in the same manner as in Gir cattle, turning upward and outward and finally backward at the points. Occasionally, horns are also like those of Khillaris in size and shape, copper co loured and pointed. Ears are moderately long and wide, but are not pendulous. Muzzle in many animals is either copper or amber-coloured. Dewlap and sheath are moderately developed, though the sheath has the tendency to be pendulous. Hump in bulls is well developed and sometimes hangs over. Tail is long and thin with the black switch reaching to the ground. Hooves are strong and can stand rough wear on stony ground. Skin is fine and slightly loose. Cows usually have well-developed udder. Average milk yield is about 360 kg (range 310 to 495 kg). Average lactation length is 237 days (range 220 and 260 days). Milk fat is around 4.9%.

निमाडी यह प्रजाति मुख्य रूप से मध्यप्रदेश की नर्मदा नदी की निमार घाटी में खाण्डवा, खरगौन, एवं बडवानी जिलों में पायी जाती है। इस प्रजाति का कुछ पशुधन महाराष्ट्र के जलगांव जिले में भी पाया जाता है। इस प्रजाति के बैल अत्यधिक उपयोगी होते हैं। यह प्रजाति खिल्लारी एवं गीर नस्लों के संकरीकरण से प्राप्त हुई है। इसकी त्वचा का रंग गीर प्रजाति के समान तथा शरीर की बनावट व माथे का उन्नत रूप गिर नस्ल से प्रभावित है। इसके अतिरिक्त खिल्लारी नस्ल के प्रभाव से इसमें कठोरता, शालीनता एवं स्वभाव में उष्णता मिलती है। निमाडी प्रजाति लाल रंग परन्तु सफेद बड़े-बड़े धब्बों वाली त्वचा के साथ मिलती है। सिर थोड़ा लम्बा एवं माथा थोड़ा साफलुथ हुआ प्रतीत होता है। यह चौकन्ना रहने वाली प्रजाति प्रतीत होती है। सींग दोनों सिरों की ओर से निकलकर वक्राकार ऊपर उठते हुये तथा पीछे की ओर को मुड़े रहते है। सींगों का अग्र भाग नुकीला होता है। इसके सींगों की आकृति कुछ-कुछ गीर नस्ल से मिलती है। सींगों का रंग तॉबई या अम्बर होता है। गले के नीचे झालर लटकती प्रतीत होती है। सॉड़ों में कूबड़ बड़ा, पूर्ण विकसित एवं लटकता हुआ प्रतीत होता है। पूंछ लम्बी, पतली व धरती छूती हुई रहती है, जबकि इसका सिरा काले रंग का होता है। खुर काले रंग के परन्तु बहुत मजबूत एवं पथरीली भूमि के उपयुक्त होते है। त्वचा सुन्दर परन्तु ढीली होती है। बॉक पूर्ण विकसित होता है। गायों का दुग्ध उत्पादन प्रति ब्यांत लगभग ३६० किग्रा होता है।



# ONGOLE



ONGOLE

ओंगोल

Ongole is the dual-purpose breeds from southern part of India. Ongole breed contributed to the development of some of the exotic breeds like 'American Brahman', 'Santa Getrudis' etc. and is used extensively for beef purpose in Latin American countries. It is also called the Nellore breed since the Ongole taluka was earlier included in Nellore district but now it is included in Guntur district. Ongole have a gloosy white coat called padakateeru by the breeders. Ongole are large and heavy with loosely knit frame, great muscularity and long limbs. They have majestic gait. Forehead is broad between eyes and slightly prominent. Face moderately long and coffin shaped. Hump in males are well developed and erect filled up on both side and not concave or leaning to either side. Dewlap is large fan shaped, fleshy and slightly pendulous. Farmers identify the Ongole breed with 3 lengths (legs, shoulder and back), 7 shorts (muzzle, ear, neck, dewlap, flank, sheath and tail) and 9 blacks (muzzle, eyes, tip of ear, knees, fetlocks, sheath, switch of tail, anal region and tip of testes). Average milk yield is 688 kg (range 475 to 1,000 kg) in a lactation period of about 230 days (range 160 to 270 days). Average fat is 4.2% (range 4.1 to 4.8%).

ओंगोल दक्षिण भारत की एक प्रमुख द्विउदेदशीय प्रजाति है। यह नैल्लोर जिले में विकसित प्रजाति है इसलिये इसका नाम नेल्लोर भी है। इसकी त्वचा का रंग चमकदार सफेद होता है। यह बड़ी एवं मजबूत प्रजाति है। इसकी मांसपेशियाँ पूर्ण विकसित होती है। माथा चपटा व चौड़ा व आँखों के मध्य थोड़ा सा उन्नत होता है। चेहरा थोड़ा सा लम्बा, ताबूत की आकृति का होता है। इस प्रजाति में कूबड़ पूर्ण विकसित एवं दोनों तरफ से उथरा एवं भरा हुआ होता है। गले के नीचे की झालर पंखे की तरह एवं लटकती हुई प्रतीत होती है। इस प्रजाति से प्रति ब्यांत दुग्ध उत्पादन औसतन ७०० किग्रा रहता है। इसमें वसा का प्रतिशत लगभग ४.२ तक होता है। इसे अमेरिकी नस्लों को विकसित करने में प्रयोग किया जा रहा है।



# PONWAR




PONWAR

पोंवार


The Pilibhit district of Uttar Pradesh is the breeding tract of Ponwar cattle. The main area is the Puranpur Block in the Pilibhit district comprising Mainakot, Mazara, Bhirkhera, Faizulaganj and Rajpur Semra villages. A few animals of this breed are also found in Lakhimpur-Kheri district of Uttar Pradesh. This breed is also known as Kabri (mixture of colours) in the breeding tract. The Ponwar seems to be small hill type breed. Critical examination of the animals reveals that this breed may be a mixture of hill and plain cattle. The landless labourers and marginal farmers mainly keep these animals. The progressive farmer keeps no animal of this breed. Purebred animals are available in the interior area of the breeding tract. The Tharu tribe is mainly involved in rearing pure Ponwar animals. Some animals have also been maintained by Pasi and Yadav communities.

Coat color of these animals is brown or black with white patches in varying proportions. The colour of the muzzle, eyelids and hoofs is generally black. The tail switch is white in black animals and black in those having a greater proportion of white patches. The horns are small to medium and curve inward with pointed tips. The ears are small and erect with a sideways orientation and have pointed tips. The face is small and narrow with a slightly concave forehead, which is narrow and has a white marking. The body is small, compact and non-fleshy. The skin is tight, the dewlap is medium and the hump is small in females and developed in males. The tail is long and reaches to below the hock. Cows have small udders and teats and milk veins are small. The animals of this breed are aggressive.Cows produced little milk about 0.5 to 2.5 kg per day for 8 to 10 (average 8.9±0.1) months. Lactation milk yield averaged 462.5±12.1 kg. Age at first calving ranged from 40 to 60 months (average 52.2±0.5) and the inter-calving period averaged 12.6±0.1 months. The service period in Ponwar cattle varied from 60 to 100 (average 76.0±1.1) days. The approximate Ponwar population in the entire breeding tract was estimated as 10667 based on the figure available for total cattle population in Puranpur block (49800).

यह प्रजाति मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में मिलती है। इसका विस्तार क्षेत्र पूरनपुर, नैनाकोट, माजरा, मीरखेड़ा, फैजलगंज एवं राजपुर सेमरा गाँवों तक है। इसके कुछ पशु लखीमपुर खीरी जिले में भी मिलते है। यह कबरी के नाम से भी जानी जाती है। यह छोटी पहाड़ी प्रजाति की तरह की प्रजाति है। यह पहाड़ी एवं देशी प्रजातियों के संकरीकरण का परिणाम है। इस प्रजाति को अधिकतर भूमिहीन एवं सीमान्त किसान पालते है। यह नस्ल शुद्ध रूप में थारू जनजातियों के पास मिलती है। इसकी त्वचा का रंग भूरा या काला तथा सफेद धब्बेदार होता है। थूथन, आँख व खुरों का रंग सामान्यतया काला ही होता है। पूंछ के सिरे का रंग काले पशुओं में सफेद एवं सफेद रंग के पशुओं में काला होता है। सींगों की आकृति अन्दर की ओर गोलाई लिये होती है। कान छोटे एवं आगे से नुकीले होते हैं। चेहरा छोटा होता है, लेकिन माथा थोड़ा सा अवतलाकार एवं संकरा होता है। इस पर भी सफेद धब्बे रहते हैं। शरीर छोटा, त्वचा कसी हुई तथा कूबड़ छोटा होता है। गले के नीचे  झालर मध्यम आकार की होती है। बाँक व थनों का आकार भी छोटा होता है। ये अत्यधिक उत्तेजना से परिपूर्ण नस्ल है। यह प्रतिदिन ०.५ से २.५ लीटर अथवा प्रति ब्यांत लगभग ४५० से ५०० किग्रा दूध देती हैं। सेवा काल लगभग ६०



# PUNGANUR




## PUNGANUR

## पुंगानूर

Punganur breed is short-statured cattle found in Chittoor district of Andhra Pradesh. Its home tract is Punganur town of Chittoor district. This breed was developed by Rajahs of Punganur. Hence this breed is known as 'Punganur'. These are reared for milk. There are a very few animals left in the breeding tract. This breed is almost on the verge of extinction. These animals were used for agricultural operations on light soils. Punganur cattle are white, grey or light brown to dark brown. White mixed with red or black colour animals are also available. Combination of white with brown or black patches is not uncommon. Skin, muzzle, eyelids and hooves are black. Animals of this breed are compact with comparatively tighter skin, extensive hanging dewlap, short legs, and long body with well sprung ribs. Forehead is concave and broad. Horns are black, small and crescent shaped, and often loose curving backward and forward in males and lateral and forward in females. Horns are stumpy in males and slightly longer in females. Horn length ranges from 10 to 15 cm. Forehead is broad and prominent. Hump is of small size in females and medium but inclined to be drooping in males. Bulls are more docile than females.

Lactation milk yield is 546.0±30.6 litres (range 194 to 1,099 litres), lactation length 263.4±16.5 days (range 98 to 445 days), and calving interval 452.4±18.7 (range 317 to 832 days). On an average milk of Punganur cows contains 5% fat (range 3.11 to 10.0%) and 9.5% SNF (range 7.69 to 10.56%).

यह आन्ध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में मुख्यरूप से पायी जाने वाली प्रजाति है। यह एक छोटी प्रजाति है। इसका उत्पत्ति स्थल भी चित्तूर जिले का पुंगानूर नामक स्थान है। इसी के नाम पर इसका नाम पुंगानूर पड़ा है। यह प्रजाति समाप्ति के कगार पर है। यह हल्की भूमि पर कृषि कार्यो में उपयोगी है, परन्तु दूध उत्पादन में पीछे है। ये सामान्यतयः सफेद के साथ लाल, काले, हल्के भूरे एवं गहरे भूरे रंगों के मिश्रण में मिलती है। इस प्रजाति के पशु कसी हुई त्वचा वाले, गले के नीचे की झालर लटकती हुई, पैर छोटे, व शरीर छल्लेदार लम्बा होता है। माथा बड़ा व अवतलाकार होता है। सींग काले, छोटे व अर्द्धचन्द्राकार होते हैं। नर पशुओं में ये आगे की ओर झुके होते हैं। सींगों की लम्बाई १०-१५ सेमी. तक होती है। माथा बड़ा व उन्नत होता है। मादा पशुओं में कूबड छोटा जबकि बैलों में बड़ा या मध्यम आकार का लेकिन झुकाव लिये होता है। गायों की आपेक्षार्थ बैल अधिक आकर्षक होते हैं। प्रति ब्यांत दूध उत्पादन लगभग ५५० लीटर तक होता है। इसके दूध में औसतन ५ प्रतिशत वसा मिलती है।



# RATHI



RATHI

राठी

The Rathi is an important milch breed of cattle found in the western part of Rajasthan. It takes its name from a pastoral tribe called Raths who are Muslims of Rajput extraction and lead a nomadic life. The home tract lies in the heart of Thar desert and includes Bikaner, Ganganagar and Jaisalmer districts of Rajasthan. These animals are particularly concentrated in the Loonkaransar tehsil of Bikaner district which is also known as 'Rathi Tract'.


Rathi is a medium sized breed with symmetrical body. The animal is usually brown with white patches all over the body, but animals having completely brown or black coats with white patches are often encountered. The lower body parts are generally lighter in colour as compared to the rest of the body. Face is broad between eyes and slightly dished. Muzzle and hooves are black. Eyelids are brown or black in colour. Horns are short to medium in size, curving outward, upward and inward. Ears are of medium length, while dewlap is voluminous. Navel flap is large. Hump is of large size in male and sheath pendulous. Tail is long, fine, tapering to a good black switch well below hock. Udder is well developed with prominent milk-vein. Females are docile and average milkers.

Milk yield is 1,560 kg (range 1,062 to 2,810 kg). Average lactation length is 336 days (range 306 to 431 days).



राठी राजस्थान के पश्चिमी भागों में मिलने वाली यह एक प्रमुख दूध देने वाली गौ प्रजाति है। इसका पालन मुख्यतः वहीं की एक जनजाति राठ करती रही है इसलिये इसका नाम राठी पड़ा। इस जनजाति में हिन्दू एवं मुस्लिम दोनों सम्प्रदाय हैं और ये विचरणशील होते हैं। इसका उत्पत्ति स्थल थार रेगिस्तान के मध्य स्थित बीकानेर, श्रीगंगानगर, जैसलमेर क्षेत्र में है। यह एक सममित आकृतिवाली मध्यम आकार की प्रजाति है। त्वचा भूरे रंग की होती है जिस पर सफेद रंग के धब्बे होते हैं। ये छोटे-छोटे धब्बे मिलकर बड़ा टुकड़ा बना लेते हैं। इनके शरीर के नीचे की त्वचा का रंग हल्का होता है। ललाट चौड़ा एवं तश्तरी नुमा होता है। थूथन एवं खुरों का रंग काला होता है। आँखों की पलकें भूरे या काले रंग की होती है। सींग छोटे व मध्यम आकार के होते हैं, जोकि बाहर की ओर को वक्राकार, ऊपर को उठे हुये एवं सिरों पर अन्दर की ओर प्रक्षेपित रहते हैं। कान मध्यम आकार के, गले की झालर बड़ी एवं भारी तथा नाभि स्थल बड़ा होता है। कूबड़ का आकार नर पशुओं में बड़ा एवं शरीर का आकार पेन्डुलम की भांति होता है। पूंछ लम्बी, ऐंठी हुई एवं सिरे पर काले रंग की तथा खुरों के संधि स्थल तक लटकी होती है। बाँक एवं दुग्ध नली स्पष्ट रूप से विकसित होती है। गायें सुन्दर, आकर्षक तथा अच्छा दूध देने वाली होती है। प्रति ब्यांत इनका दुग्ध उत्पादन लगभग १५०० किग्रा तक रहता है। इसकी उच्चतम उत्पादन क्षमता लगभग २८०० किग्रा तक रहती है। इसका दुग्ध अन्तराल ३०० से ४३० दिनों तक का होता है।

# RED SINDHI



## RED SINDHI

## सिंधी

Red Sindhi breed is mostly found in Karachi and Hyderabad districts of Pakistan. Some organized herds of this breed are also found in India in the states of Orissa, Tamil Nadu, Bihar, Kerala and Assam.Red Sindhi is considered to have originated from Las Bela cattle found in the state of Las Bela, Baluchisthan. The original herd was established at Malir outside Karachi.

Red Sindhi cattle are somewhat similiar to Sahiwal and may also be related to Afghan and Gir cattle. Red Sindhi is one of the important dairy cattle breeds in Indian sub-continent. Realizing its potential, the Government of India established Central Cattle Breeding Farm at Chiplima, Orissa on 15.01.1968. Red Sindhi cattle have been exported to Afghanistan, Nepal, Myanmar, Thailand, Cambodia, Vietnam, Malaysia, Brunei, Sarawak, Sri Lanka, Indonesia, the Philippines, Taiwan, Korea, Iran, Iraq and Saudi Arabia in Asia; Tunis, Kenya, Tanzania, Seychelles and Mauritius in Africa; the United States of America, Brazil and Cuba in the Americas and Australia.

This breed has distinctly red colour. Red shades vary from dark red to dim yellow. Though patches of white are seen on dewlap and sometimes on forehead, no large white patches are present on the body. In bulls, colour is dark on the shoulders and thighs. Hair is soft and short, and skin is loose. Milk production is around 1,840 kg (range 1,100 to 2,600 kg) and lactation length 296 days (range 260 t0330 days). Fat is around 4.5% (range 4.0 to 5.2%).

यह भारतीय उपमहाद्वीप की एक विशिष्ट दुधारू गौ प्रजाति है। यह प्रजाति मुख्यरूप से पाकिस्तान के करांची एवं हैदराबाद जिलों में पायी जाती है। इसकी कुछ संख्या उड़ीसा, तमिलनाडु, बिहार, केरल एवं असम में भी मिलती है। लाल सिंधी कुछ सीमा तक साहीवाल से मिलती जुलती प्रजाति है तथा अफगान एवं गीर नस्ल के पशुधन से भी समानता रखती है। यह गहरे लाल रंग से हल्के पीले रंग तक परिवर्तित रंगों में भी मिलती है। इसमें माथे एवं गले की झालर पर सफेद रंग के निशान भी मिलते है। लेकिन ये धब्बे छोटे-छोटे ही होते है। साँड़ों में कंधे एवं जांघ गहरे लाल रंग के होते हैं। बाल छोटे एवं मुलायम होते है। त्वचा ढीली होती है। दुग्ध उत्पादन ११०० से २६०० किग्रा तक प्रति ब्यांत होता है। दुग्ध उत्पादन समयान्तराल लगभग २६० से ३३० दिनों का होता है। दुग्ध में वसा का औसतन प्रतिशत ४.५ होता है।



# SAHIWAL



## SAHIWAL

## साहिवाल

The Sahiwal is one of the best dairy breeds of zebu cattle. Though its original breeding tract lies in Montgomery (now Sahiwal) district of Pakistan, yet some herds are also found in India along the Indo-Pak border in Ferozepur and Amritsar districts of Punjab, and Sri Ganganagar district of Rajasthan. Sahiwal breed, because of its desirable traits, is being utilized widely for improvement of local stock or for initial crossbreeding of the indigenous stock before undertaking upgrading with European breeds in many warm humid countries of the world. It is known to have been introduced into 17 other countries, besides Pakistan and India. These are: Mauritius, Kenya, Tanzania, Sierra Leone, Malaysia, the Philippines, Vietnam, Thailand, Myanmar, Bangladesh, Sri Lanka, Nepal, Brazil, Jamaica, Trinidad, Australia and New Zealand.

Coat colour is usually reddish dun but pale red or brown occasionally mixed with white spots is also not uncommon. The Sahiwal is a heavy breed with symmetrical body and loose skin. Animals are long, deep, fleshy and comparatively lethargic. Horns are short and stumpy. Udder is generally large, bowl shaped, pliable, and firmly suspended from the body. Average milk yield is 2,326 kg (range 1,600 to 2,750 kg). Average lactation length is 318 days (range 285 to 375 days). Fat is 4.8 to 5.1% (average 4.93%).

यह भारतीय नस्ल की गायों में सर्वोत्तम दूध देने वाली प्रजाति है। इसका उत्पत्ति स्थल मोंटगोमरी, वर्तमान पाकिस्तान में है। इसके कुछ समूह भारत-पाक सीमा के समीप फिरोजपुर एवं अमष्तसर जिलों में एवं राजस्थान के श्रीगंगानगर जिलों में पाये जाते हैं। इसकी उपयोगिता को देखते हुये विश्व भर में इसके द्वारा संकरीकरण करके उपयोग किया जा रहा है। सामान्यतया इसकी त्वचा का रंग लाल, पीला-लाल या भूरा-सफेद धब्बों के साथ मिश्रित क्रम में मिलता है। पशु लम्बे, गहरावदार एवं चमकदार होते है। सींग छोटे एवं मोटे तथा कुंद होते हैं। बाँक सामान्यतया बड़ा गोलाकार, भारी एवं शरीर से अलग दिखायी देती है। इससे प्रति ब्यांत दुग्ध उत्पादन औसतन २३०० (१६०० से २७५०) किग्रा होता है। दुग्ध उत्पादन समयान्तराल लगभग ३१८ दिन एवं वसा का प्रतिशत ४.८ से ५.१ तक रहता है।



# SIRI

SIRI

सीरी



The Siri is small sized zebu cattle of hilly region and is found in upper reaches of Darjeeling district in West Bengal and Sikkim Districts in India. There are some related types of Siri cattle. Kachha Siri: This is a Nepal x Siri cross, and is very similar to the Siri, but is distinguished from it by the colour pattern and position of hump and horn. Tarai: This type is found in Nepal and is sometimes referred to as Siri. Animals are either black with white patches or brown with white patches. In some cases they're totally black or brown. Skin is grey, and muzzle and eyelids are black. Black and white pattern is similar to that of Holstein-Friesian. Tail switch is black or white and hooves are-black. Forehead is convex, wedge shaped with white patches. Horns are of medium size and curved outward, forward, slightly upward and inward with prominent hairy poll. Ears are of medium size and horizontal. Abdomen and inner part of legs are generally light in colour. Udder is small size with firm attachment. Milk yield is around 2-6 kg/day with lactation length of about 210 to 274 days. The fat content is 2.8 to 5.5 %, SNF 7.56 to 9.57%. A large variation is observed in the performance of Siri animals. The performance can be improved further by proper selection and distribution of Siri in breeding tract

सीरी एक छोटे आकार की पहाड़ी प्रजाति है जो प० बंगाल, दार्जिलिंग एवं सिक्किम के पहाड़ी क्षेत्रों में मिलती है। इसके बहुत सारे सापेक्षिक रूप मिलते हैं, जैसे काछा-सीरी जोकि नेपाल एवं सीरी की संकर नस्ल है। यह सिरी के समान ही प्रतीत होती है। इस प्रजाति के पशुओं का रंग काला या भूरा सफेद धब्बेदार होता है। त्वचा का रंग सलेटी जबकि थूथन का रंग काला होता है। काले एवं सफेद रंग का मिश्रण होलस्टीन फ्रीजियन प्रजाति के समान ही होता है। माथा उन्नत पंचभुजाकार एवं सफेद धब्बों से युक्त होता है। सींग मध्यम आकार के बाहर की ओर निकले हुये होते है। कान मध्यम आकार के एवं धरती के समानान्तर होते है। पैरों के नीचे एवं मध्य का भाग हल्के रंग का होता है। बाँक का आकार छोटा एवं पेट से चिपका हुआ प्रतीत होता है। दूध उत्पादन की क्षमता ३-६ किग्रा प्रति दिन की होती है। जबकि दूध उत्पादन का समयान्तराल लगभग २१० से २७४ दिनों का होता है। इस प्रजाति के दूध में वसा का प्रतिशत २.८ से ५.५ प्रतिशत होता है।



# THARPARKAR



## THARPARKAR


## थारपरकर

The name Tharparkar has been derived from the place of its origin - the Thar desert. Home tract of this breed is in the Tharparkar district of southeast Sind in Pakistan. These animals are found along the Indo-Pak border covering western Rajasthan and up to Rann_of kutch in Gujarat. Tharparkar is not a homogeneous breed but it has the influence of the Kankrej, Red Sindhi, Gir and Nagori breeds. On the western side of the habitat the influence of the Red Sindhi is prominent, and on the north and northeast of the Nagori. In other parts influence of the Kankrej is predominant. A sprinkling of the Gir is also evident. In spite of all the heterogeneity, a medium type breed adapted to the desert conditions has been developed.

Animals are white or light grey. Face and extremities are of a darker shade than the body. Hairs are fine, short and straight, but in males they are slightly curly on the forehead. Forehead is broad and flat or slightly convex above eyes. The front of horns and face are practically in one plane. In bulls the convexity may be slightly more pronounced. Face is lean, fine and slightly dished to muzzle. Lips are muscular and jaws strong. Eyes are full and placid. Ears are somewhat long, broad and slightly pendulous.

Tharparkar cows calve for the first time at an average age of about 1,247 days (range 1,116 to 1,596 days), milk yield is 1,749 kg (range 913 to 2, 14.7 kg) and calving interval 431 days (range 408 to 572 days) fat is about 4.88% (range 4.72 to 4.90%) and SNF 9.2% (range 8.9 to 9.7%).

दक्षिणी सिंध (पाकिस्तान) का थारपरकर जिला इस प्रजाति का उत्पत्ति स्थल है। यह प्रजाति भारत पाक सीमा पर राजस्थान के पश्चिमी क्षेत्र से प्रारम्भ होकर गुजरात में कच्छ के रन तक पायी जाती है। इस प्रजाति का विकास थार रेगिस्तान की जलवायु एवं अन्य परिस्थितियों के अनुरूप हुआ है। इस प्रजाति की गायों की त्वचा का रंग सफेद या हल्का सलेटी होता है। चेहरा और अंगों के शीर्ष गहरे रंग के होते है। बाल छोटे, खड़े एवं साफ होते है। बैलों में या नर गौवंश में माथे के ऊपर घुँघराले बाल होते हैं। माथा चपटा, चौड़ा व हल्का सा आँखों के ऊपर उन्नत होता है। सींगों का तल एवं चेहरे का तल समान होता है। साँड़ो में माथे का उन्नत भाग और अधिक उठा हुआ होता है। चेहरा झुका हुआ साफ एवं थोड़ा सा गोलाई लिये होता है। जबड़ा बहुत मजबूत होता है। आंखें गम्भीर एवं शान्त प्रतीत होती है। कान थोड़े से लम्बे, चौड़े एवं हल्के से लटके हुये होते है। इस प्रजाति का प्रथम ब्यांत लगभग १२४७ दिन में हो जाता है तथा दुग्ध उत्पादन ९०० से २६०० किग्रा या औसतन १७५० किग्रा जबकि प्रथम ब्यांत से दूसरे ब्यांत के बीच का अन्तर ४०८ से ५७२ दिनों का रहता है। इसके दूध में वसा का प्रतिशत औसतन ४.९ प्रतिशत रहता है।



# UMBLACHERY



## UMBLACHERY

## अंब्लाचेरी

Umblachery breed of cattle, one of the best draught breeds of Tamil Nadu, is found in Thanjavur, Thiruvarur and Nagappattinam districts. It derives its name from its home tract, Umblachery, a small village 10 km away from Thiruthuraipoondi town in Nagapattinam district. This breed is considered to be developed by crossing Kangayam with local animals' of Thanjavur, and is very similar to Kangayam except in the appearance of head and smaller size. These are light built draught animals developed for work in the marshy paddy fields. About 60-70% of cattle in this area belong to Umblachery breed. Umblachery calves are generally red or brown at birth with all the characteristic white markings on the face, on limbs and tail. This colour changes to grey at about 6 months of age. In adult females, the predominant coat colour is grey with white markings on face and legs. Bullocks are grey in colour. All the legs below hocks have white marks either 'socks' or 'stockings' even a portion of hooves is white. Forehead is fairly broad, sometimes with a slight groove in the middle. It is well pronounced with white star. Face is short and straight. Muzzle is broad and black. Eyes are prominent and bright with black eyelashes. Ears are short, erect and laterally placed. Horns are very small, curving outward and inward and sometimes spreading laterally. These are thick in bulls and thin in cows. Hump is medium in size, not fleshy, generally erect. Dewlap is thin and short extending to the sternum. In cows, udder is moderately developed with small and squarely placed teats. Milk-vein is not prominent. Bullocks are small, swift and suited for agricultural operations. Umblachery bullocks are used for ploughing, carting, thrashing and paddling. The bullocks are capable of doing work for 6 to 7 hours under hot sun. A pair of bullocks can pull a total load (including cart weight) of 2 to 2.2 tones over a distance of 20 km in about 7 hours. Daily milk yield is around 2 kg. The female produces 300 to 500 litres of milk in lactation. On an average, milk contains 4.94±0.06% fat and 7.80±0.03% SNF.

यह तमिलनाडु राज्य की सर्वोत्तम कृषि एवं परिवहन सम्बंधी गौवंशीय प्रजाति है। यह तमिलनाडु राज्य में तंजावूर, थिरूवयूर एवं नागापट्टिनम् जिलों में मिलती है। इसका नामकरण इसके उत्पत्ति स्थल उम्बलाचेरी, जोकि नागापट्टिनम् जिले में थिरूथुरईपुण्डी नामक कस्बे से १० किमी दूर अवस्थित है, के नाम पर हुआ है। इस प्रजाति का विकास कंगायम के साथ तंजाऊर की स्थानीय प्रजातियों के संकरीकरण से हुआ है। यह कंगायम से केवल सिर एवं आकार में अंतर रखती है। यह प्रजाति धान के खेतों के लिये तैयार की जाने वाली दलदली भूमि पर कार्य करने के लिये अत्यधिक उपयुक्त है। इस क्षेत्र में ६०-७० प्रतिशत गौवंश इसी प्रजाति का है। इस प्रजाति के गौवंश जन्म के समय लाल या भूरा एवं चेहरे, अंगों एवं पूंछ पर सफेद धब्बों से युक्त होता है। यह रंग धीरे-धीरे लगभग ६ महीने में सलेटी रंग में परिवर्तित हो जाता है, परन्तु पैरों के संधि स्थल से नीचे का भाग, घुटनों से नीचे एवं खुर से ऊपर का भाग एवं खुरों का कुछ भाग सफेद होता है। माथा चपटा एवं साफ होता है। कभी कभी इनके माथे पर मध्य में एक गड्ढा भी मिलता है। इस गडढ़े को सफेद तारा कहा जाता है। चेहरा छोटा व सपाट होता है। थूथन चौड़ा एवं काले रंग का जबकि आँखें काली व चमकदार तथा पलकें काले रंग की होती हैं। कान छोटे, उन्नत एवं पीछे की ओर उठे हुये रहते है। सींग बहुत छोटे एवं कभी कभी पीछे की ओर को फैले रहते हैं। गायों में ये पतले जबकि साँड़ों में ये मोटे होते हैं। कूबड़ मध्यम आकार का एवं उन्नत होता हैं। गले के नीचे की झालर छोटी पतली एवं शरीर के खोल तक बढ़ी हुई रहती है। बाँक विकसित परन्तु थन छोटे एवं चतुर्भुजाकार रूप से अवस्थित रहते हैं। बैल छोटे एवं खेती के अनुकूल होते हैं। ये गर्मी में भी लगातार ६ से ७ घन्टे तक कार्य कर सकते है। इस प्रजाति की गायों से लगभग २ किग्रा दूध प्रतिदिन प्राप्त होता है। एक ब्यांत में गाय ३०० से ५०० किग्रा दूध का उत्पादन करती है। दूध में औसतन ५.० प्रतिशत वसा होती है।

# VECHUR



VECHUR

वेचूर

The Vechur cow has now attracted international recognition and attention. The credit of saving the Vechur cattle from the brink of extinction goes to a conservation programme undertaken by the Kerala Agriculture University (KAU). The Vechur cattle are now recognized as the smallest cattle in the world. The maximum height of a Vechur cow is 91 cms. This diminutive cow, weighing on an average 107 kgs. can give an average yield of 3 litres of milk per day . Proportionate to its body weight, the Vechur cow yields maximum milk in the world. The local people preserved the purity of the breed by selective breeding. The extremely small size, low feed requirements, high disease resistant and lovable nature of the cute animals made the Vechur cattle the attractive. The dwarf cattle were well adapted for the hot, humid tropical climate of Kerala. Vechur bulls, though small in size (maximum height at hump level 105 cms), were very strong and these lightweight animals were used for ploughing marshy paddy fields typical of Kerala.

Infant mortality has been found to be almost nil in Vechur cattle under farm conditions, quite resistant to foot and mouth disease and mastitis. Compared to crossbred cows, significantly lower incidences of respiratory infections have been reported from Vechur cattle. The percentage of fat and total solids in the milk of Vechur cows is higher compared to crossbred cows. But a more significant aspect is the size of the fat globules. The small size of fat globules means high phospholipid content because of greater surface area. Phospholipids are important in the development of brain and nerve tissues and also play a vital role in the absorption and digestion of fat. Thus the Vechur cow milk and its products are suitable for infants and the sick.

यह विश्व की सबसे छोटी गौ प्रजाति है। इस प्रजाति ने वैश्विक समुदाय का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। इसे समाप्ति के कगार से पुनः स्थापित करने में केरल कृषि विश्वविद्यालय का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस गाय की अधिकतम् ऊँचाई ९१ से०मी० एवं वजन १०७ किग्रा तक होता है। यह प्रतिदिन लगभग ३ लीटर तक दूध का उत्पादन करती है। अपने शरीर के अनुपात में यह प्रजाति विश्व में किसी भी गौ प्रजाति से सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन करती है। छोटा आकार, कम आहार एवं उच्च्व रोग प्रतिरोधी क्षमता इसे एक अति महत्वपूर्ण गौ प्रजाति बनाता है। यह बौनी प्रजाति केरल की गर्म एवं आर्द्र परिस्थतियों के सर्वथा अनुकूल है। वेचूर प्रजाति के बैल यद्यपि आकार में छोटे होते हैं, परन्तु इनकी दलदली भूमि में कार्य करने की क्षमता बहुत अधिक होती है। मुंह एवं खुरपका, थनैला आदि रोगों का

इन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। इनके दूध में वसा कम होती है, लेकिन वसा के कणों में फास्फोलिपिड की उपस्थिति अधिक होती है जो मष्तिष्क एवं तंत्रिका तंत्र को मजबूती प्रदान करता है। इसलिये वेच्चूर प्रजाति की गायों का दूध रोगियों एवं बच्चों के लिये अति उपयुक्त माना गया है।



## देशी गाय

1) भारतीय गाय एवं बैलों के कंधे पर टाट, कुकुदहोताहै। बैलों / सांडों में यह विशेष रूप से बडा होता है। भारवाहक पशुओं के लिये यह बहुत उपयोगी तथा आवश्यक है।
2) इन गायों में गर्दन के नीचे गलकम्बल अत्यधिक विकसित होता हैं, जिससे उनमें गर्मी सहने की क्षमता अधिक होती.
3) इन गायों के बैल चुस्त होते हैं व कृषि कार्य के लिए सर्वथा उपयोगी पाये गये है। ये 2 किमी. की दूरी 18.2 मिनट में पूरी कर लेते है।, यानि हॉर्स पावर अधिकर होती है।
4) प्रति गाय पालने का खर्च रु. 4517.73 प्रति गाय आता है।
5) इन गायों में मिड साइकिल ईस्ट्रस कम होती है।
6) इन गायों में स्पिलिट हीट या ईस्ट्रस 0.7 प्रतिशत देखी गयी है।
7) इन गायों में बीमारी कम होती है जैसे थनैला रोग, परजीवी रोग, हरपीज विषाणु ? इन गायों में बीमार होने की आवृति कम (21.4 प्रतिशत) पायी गयी है। इन गायों में चिचडियां कम (13.0 प्रतिशत) लगती हैं। इनमें थिलैंरिया रोग का प्रकोप 9. 88 प्रतिशत पाया गया है।
8) देशी गायें भारतीय परिवेश में पली-बढ़ी है। अतः यहां की हर प्रकार की जलवायु में रहने की उनकी क्षमता निर्विवाद है। ये गायें भीषण गर्मी (48-50 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान) तथा ठंडी (0.4 डिग्री सेंटीग्रेड) तक सह सकती है। इससे उनके दूध उत्पादन या कार्य क्षमता पर विशेष प्रभाव नहीं पड़ता।
9) देशी गायों का रखरखाव सस्ता होता है। प्रायः ये चारागाह में चरकर ही अपना पेट भर लेती हैं। फिर भी थोड़ा दाना व चारा खाकर ये दूध देती रहती हैं। रहने के लिये किसी विशेष आवास की आवश्यकता नहीं पड़ती, क्योंकि जहां मनुष्य रहते हैं ये भी उसी मकान, झोपड़ी या उसके पास ही रह लेती हैं। विपरीत परिस्थितियों में तथा शुष्क इलाकों में 5-10 प्रतिशत दूध उत्पादन कम हो पाता है।
10) देशी गायों में रोगों से बचाव के लिये एक उत्तम प्रकार की रोगप्रतिरोधक क्षमता होती है। सामान्य प्रकार के संक्रमण तो होते ही नही है। भयानक से भयानक रोग भी साधारण रूप/हल्के लक्षण उत्पन्न कर निकल जाते है। पोंकना (रिंडरपेस्ट), गलाघोंटू आदि रोगों के लिये भी कम सुग्राही होती है। अतः आर्थिक हानि कम होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में इनके जीने की दर (सरवाइवल रेट) 80-90 प्रतिशत तक होती है।
11) इनमें दूध उत्पादन क्षमता प्रायः साधारण होती है। थनैला रोग कभी-कभी देखने को मिलता है। यदि हो भी जाए तो समय से उपचार करने से ठीक हो जाता है। इसका मुख्य कारण अयन के अन्दर उपस्थित प्राकृतिक रोग प्रतिरोधी क्षमता का उत्तम किस्म का होना है।
12) इसी देश के मूल की हैं। इसलिए बीमारी बाहर से लेने का प्रश्न ही नहीं है।

## विदेशी गाय

1) इन गायों की पीठ सीधी होती है व उनमें नहीं होती है, जिसमे इनके बैल भारवाहक नहीं होते है।
2) इनमें गलकम्बल इतना विकसित नहीं होता है, जिससे उनमें गर्मी सहने की क्षमता कम होती है।
3) विदेशी गायों से प्राप्त बछड़े सुस्त होते हैं व कृषि कार्य के लिये उतने कार्यशील नहीं होते है। ये 2 किमी. की दूरी 19.4 मिनट में पूरी कर पाते हैं। इनकी हार्सपावर भी कम होती है।
4) इनको पालने का खर्च रु. 7437.57 प्रति गाय आता है।
5) इनमें मिड साइकिल ईस्ट्रस अधिक होती है।
6) इनमें 1.33 प्रतिशत, यानि दोगुनी ईस्ट्रस देखी गई है।
7) इनमें थनैला, परजीवी तथा हरपीज विषाणु रोग काफी (72.7 प्रतिशत) पाया जाता है। इनमें बीमारी होने की आवृत्ति ज्यादा पायी गई है। इन गायों में चिचडियां अधिक (17प्रतिशत) लगती है। इनमें 8-12 प्रतिशत थिलैरियां संक्रमण पाया गया है।
8) ये गायें ठण्डे देशों के पर्यावरण में ही रह सकती हैं। भारतीय परिवेश में रखने के लिये अलग से व्यवस्था करनी पड़ती है। ये गायें अधिक गर्मी सहन नहीं कर पाती हैं तथा इनकी दूध उत्पादन क्षमता घट जाती है। कई बार बीमारी के कारण मृत्यु भी हो जाती है।
9) इन्हें रखने के लिए अलग आवास की व्यवस्था करनी पड़ती है। क्योंकि ये कम तापमान व अच्छी आवास व्यवस्था तथा इच्छी खुराक मिलने पर ही इच्छित दूध का उत्पादन कर सकती हैं। अतः इनके रख-रखाव पर खर्च अधिक करना पड़ता है। विपरीत परिस्थितियों में तथा शुष्क क्षेत्रों में इनका दुग्ध उत्पादन 70-80 प्रतिशत तक गिर जाता है।
10) इनमें बीमारियों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। अतः ये सामान्य किस्म के संक्रमण भी नहीं झेल पातीं व प्रायः बीमार हो जाती हैं। साधारण सा रोग होन पर ही ये मरने लगती हैं। पोंकना (रिंडरपेस्ट), गलाघोंटू मुखमुर रोग आदि से इनमें मृत्यु दर अधिक होती है। इनमें बीमार होने की प्रवृत्ति व आवृत्ति अधिक होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में इनके जीने की दर 40-50 प्रतिशत ही होती है।
11) अधिक दूध देने के कारण इनमें थनैला रोग अधिक होता है। इस रोग के जीवाणु त्वचा व थनों पर रहते हैं इस रोग के बाद उस थन का दूध सूख जाता है। इससे बचाव के लिये अति स्वच्छ आवास की आवश्यकता होती है, जिससे इनका पालना मंहगा सिद्ध होता है।
12) यें कई प्रकार की बीमारियाँ भी अपने साथ लायी हैं। जैसे मायकामप्लाज्मा, बबेसियोसिस, थिलैरियोसिस, संक्रामक गर्भपात, न्यूमोनिया, दस्त रोटावायरस, लैप्टोस्पादरा, क्षय रोग, ब्रुसोलोसिस क्लोमाइडिया जोहनिज रोग, इरपिज विषाणु रोग आदि। इनमें से कई बीमारियां हमारे देश में नहीं होती थी मगर

13) इनमें ग्लोब्यूलिन का स्तर अधिक होता है, जिससे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है।

14) इनमें क्रिएटिनिन का स्तर कम होता है।

15) देशी नस्लों का दूध अधिक पौष्टिक होता है। वैज्ञानिक रूप से वसा, प्रोटीन आदि में तो खास अन्तर नही दिखता है, मगर कुछ सूक्ष्म तत्व देशी गाय के दूध में होते हैं, जो रोगों से लड़ने की क्षमता उत्पन्न करते हैं।

16) इन गायों के बछड़े बड़े होकर उत्तम किस्म के बैल बनते हैं व कृषि कार्य व भार ढोने के कार्य में काम आते हैं। ये सभी प्रकार के पर्यावरण/वातावरण में कार्य कर सकते हैं व खेती के लिये वरदान हैं।

17) बैलों का प्रयोग मुख्य रूप से, जमीन से पानी निकालने, खेतों की उपज शहरों तक ले जाने, शहर से सामान घर ले जाने व शादी-ब्याह आदि में सवारी ढोने के रूप में होता रहा है। आजकल यह कार्य बस, ट्रक, ट्रैक्टर आदि से होता है, जो पेट्रोल, डीजल आदि द्वारा ही चलते हैं तथा वायु प्रदुषण भी फैलाते हैं। इनसे हमारी विदेशी आयातित तेल पर निर्भरता बढ़ रही है।

18) ऐसा माना जाता है कि देशी गाय अपनी श्वांस में भी ऑक्सीजन का काफी अंश छोड़ती हैं, जो मनुष्य व पर्यावरण के लिये लाभकारी है।

19) देशी गायें चूंकि संक्रामण रोगों के प्रति कम सुग्राही होती हैं अतः इनमें क्षय रोग, ब्रुसैला रोग आदि लगने की सम्भावना बहुत कम रहती है। तथा मनुष्य एक ही कमरे/छप्पर आदि में गाय के साथ-साथ परिवार का भी जीवन-यापन कर सकता है।

20) देशी गायें पर्यावरण के अनुकूल हैं क्योंकि ये चारा, दाना खाने के बाद उसे अच्छी तरह पचाती है व वातावरण में मीथेन, कार्बन डाई ऑक्साईड, कार्बन मोनोक्साईड, अमोनिया आदि गैसों का कम उत्सर्जन करती हैं।

21) पंचगव्य आधिरित औषधियां जैसे गाय का दूध, दही, घी, गोबर, गोमूत्र आदि से विभिन्न प्रकार की औषधियां निर्मित की जाती है, जो मानव स्वास्थ्य के लिये अनुपम औषधि सिद्ध हुई हैं तथा कई प्रकार के असाध्य रोगों की अचूक/रामबाण दवा मानी जाती रही है।

22) देशी गायों को दूध, बछड़े तथा अन्य उत्पाद जैसे गोमूत्र, गोबर आदि के लिये पाला जाता है। अतः इनमें औक्सीटॉक्सिन के जहरीले टीके लगाने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती है।

23) देशी गाय के गोबर से घर को लीपने से वह पैराबैंगनी किरणों से मुक्त हो जाता है। अतः गोबर में ऐसी सामर्थ्य है कि वह हमें विकिरण से बचाता है। गोबर में कई प्रकार के जीवाणू व सूक्ष्मजीव होते हैं, जो प्रोबायोटिक का कार्य करते हैं।

24) ऐसा माना जाता है कि देशी गायोंके पास सोने से क्षय रोग समाप्त हो जाता हैं तथा मानसिक सन्तुलन बढ़ता है।

25) चरने वाली देशी गाय के मूत्र तथा गोबर में अनेक औषधीय गुण होते हैं, तथा गोबर हमेशा गंधरहित होता है।

26) हैजा के रोगाणु के लिय देशी गाय का गोबर एक रामबाण औषधि है।

27) देशी गाय निम्न कोटि के वातावरण में भी निरोगी रहकर सामान्य जनन तथा दूध उत्पादन प्रदर्शित करती है।

विदेशों से वीर्य/दूध/गाय/सांडो द्वारा यह हमारे देश में भी प्रवेश कर गयी हैं। अब स्थिति यह है कि इन रोगों के अनुसंधान, निदान व रोगथाम पर एक बड़ी रकम खर्च करनी पड़ रही है।

13) इनमें ग्लोब्यूलिन का स्तर अपेक्षाकृत कम होता है, अतः ये बीमारियों के लिये अधिक सुग्राही होती हैं।

14) इनमें क्रिएटिनिन का स्तर अधिक होता है।

15) अधिक मात्रा में दूध देने के कारण इनका दूध प्रायः पतला व देशी गाय के दूध की अपेक्षा कम पौष्टिक गया है।

16) इन गायों के बछड़े अपेक्षाकृत सुस्त व कार्यक्षमता में कम होते हैं। कृषि कार्य में इनकी खास उपयोगिता सिद्ध नहीं हुई है।

17) ये बैल इन कार्यो के लिये उपयोगी होते ही नही हैं।

18) इन गायों में ऐसी किसी विशेषता के विषय में वर्णन नहीं मिलता।

19) विदेशी तथा संकर गायें विभिन्न प्रकार के संक्रमणों के लिये अधिक सुग्राही होती हैं। इनमें क्षय रोग, मायकाप्लाजमा, लैप्टोस्पादज विभिन्न विषाणु रोग आदि प्रायः हो जाते हैं, जो दूध, सम्पर्क, सांस, मूत्र, गोबर द्वारा मनुष्य में रोग उत्पन्न कर सकते हैं। ऐसी गायों के सम्पर्क में जो लोग रहते हैं, उनमें क्षय रोग, ब्रुसैला रोग आदि होने की सम्भावना बढ़ जाती हैं। हालांकि इन रोगों का पता आसानी से नहीं लगता फिर भी अनुभव व अध्ययन यह बताते हैं कि मनुष्य में इन पशुओं से बहुत सी बीमारियाँ लग जाती हैं।

20) विदेशी नस्ल की गायें मीथेन, कार्बन डाई आक्साइड, कार्बन मोनोक्साइड, अमोनिया आदि कई प्रकार के हानिकारक गैसों का बहुतायत में उत्सर्जन करती हैं जो ओजोनपरत को नुकसान पहुंचाती हैं। इन्हें ग्रीन हाउस गैस कहते हैं। अतः ये गायें पर्यावरण को हानि पहुंचाती हैं व पराबैंगनी किरणों का पृथ्वी पर प्रभाव बढ़ाने में सहायक हैं।

21) विदेशी गायों के उत्पादन में इस प्रकार के गुणों का वर्णन कहीं नहीं मिलता।

22) विदेशी/संकर नस्ल की गायों को मुख्यतया तया दूध उत्पादन के लिये रखा जाता है जब ये गायें दूध उत्पादन बन्द करने की तरफ बढ़ती हैं तो प्रायः आक्सीटॅक्सिन नामक हार्मोन का टीका लगाकर दनका दूध निकाला जाता है जो मानव स्वास्थ्य के लिये काफी घातक है।


23) इन गायों के विषय में ऐसी कोई जानकारी नहीं है।

24) इन गायों के पास सोने पर मनुष्य में रोग उत्पन्न हो जाते है।

25) विदेशी तथा संकर गायें अधिक दाना खाती हैं, जिससे उनके गोबर, गोमुत्र में कोई औषधीय गुण नहीं होने के कारण उनके गोबर से जल्दी ही दुर्गन्ध आने लगती है।

26) विदेशी गायों के गोबर में ऐसी कोई विशेषता नहीं है।

27) विदेशी तथा संकर गायें अच्छे वातावरण में बहुत अच्छी [illegible] तथा उत्पादन क्षमता प्रदर्शित करती हैं तथा [illegible] वातावरण में उनमें मृत्युदर तथा बांझपन की [illegible] अधिक तथा जनन एवं उत्पादन की क्षमता न्यून[illegible] रहती है।



visit www.gokranti.com

# भारतीय गोवंश

# BHARTIYA GOVANSHA

Govats Radhe Shyam Ravoria
call +91 9042322241 email id - ravoria@gmail.com